दैनिक
नवयत्न
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
खबरें सड़क से संसद तक
RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018

वर्ष: 17 | अंक 154 | सीकर, सोमवार 03 अगस्त 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8

रक्त की कमी से जूझ रहा बीडीके ब्लड बैंक, आमजन से सहयोग की अपील

आज सुबह 9 से दोपहर 3 बजे तक लगेगा रक्तदान शिविर

संजय सोनी

झुंझुनूं (नवयत्न)। जिले के बीडीके अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में इन दिनों रक्त की कमी बनी हुई है, जिसके चलते अस्पताल प्रशासन ने आमजन, स्वयंसेवी संस्थाओं, एनजीओ, महाविद्यालयों एवं सामाजिक संगठनों से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित करने की अपील की है। इसी क्रम में सोमवार को सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक बीडीके अस्पताल में रक्तदान शिविर आयोजित किया जा रहा है। अस्पताल प्रशासन के अनुसार, जिलेभर से गंभीर एनीमिया से पीड़ित हाई रिस्क प्रेग्नेंसी की तीन प्रसूताओं को हाल ही में बीडीके अस्पताल में रक्त चढ़ाया गया, जिनकी स्थिति अब स्थिर है। अस्पताल में प्रतिदिन एचआरपी महिलाओं को रक्त आधान कर उन्हें गंभीर अवस्था से सामान्य स्थिति में लाने का प्रयास किया जा रहा है। पीएमओ एवं वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. जितेंद्र भाम्बू ने बताया कि बढ़ते एचआरपी मामलों को देखते हुए ब्लड बैंक में उपलब्ध स्टॉक और प्रतिदिन हो रहे स्वैच्छिक रक्तदान के आधार पर प्रसूताओं एवं ट्रॉमा मरीजों को रक्त उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रति सप्ताह एक से दो गंभीर एनीमिया ग्रसित महिलाओं को रक्त आधान की आवश्यकता पड़ती है। ब्लड बैंक प्रभारी एवं उपनिदेशक डॉ. राकेश कुमार के अनुसार 2 अगस्त को ब्लड बैंक में रक्त समूहों की स्थिति इस प्रकार रही ए+ 5 यूनिट, ए-09 यूनिट, बी+53 यूनिट, बी-14 यूनिट, ओ+ 63 यूनिट, ओ- 06 यूनिट, एबी+10 यूनिट, एबी-05 यूनिट। उन्होंने बताया कि ओ+, बी+ एवं बी- रक्त पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है, जबकि ए+, एबी+, एबी- और ओ- समूह का स्टॉक केवल आपातकालीन स्थिति के लिए ही शेष है। उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में स्वैच्छिक रक्तदान के माध्यम से स्टॉक में लगातार उतार-चढ़ाव बना हुआ है, इसलिए नियमित रक्तदान शिविरों का आयोजन आवश्यक हो गया है। राज्य सरकार के निर्देशानुसार प्रत्येक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में सरकारी ब्लड बैंक की टीम की उपस्थिति अनिवार्य की गई है तथा प्रत्येक शिविर में एकत्रित कुल रक्त का कम से कम 50 प्रतिशत भाग सरकारी ब्लड बैंक को उपलब्ध कराना आवश्यक होगा। अस्पताल प्रशासन ने सभी सामाजिक संगठनों एवं आम नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान कर जरूरतमंद मरीजों की सहायता करें और इस मानवीय कार्य में सहभागी बनें।

तीन गर्भवतियों का हीमोग्लोबिन 3.6 से 6.8 ग्राम तक पहुंचा, समय पर रक्त मिला तो टला बड़ा खतरा

गंभीर एनीमिया से थी पीड़ित, बीडीके अस्पताल में रक्त चढ़ाकर शुरू किया उपचार।

अशोक राईका

झुंझुनूं (नवयत्न)। गंभीर एनीमिया (खून की कमी) से पीड़ित तीन गर्भवती महिलाओं को समय पर खून मिलने से उनकी और गर्भ में पल रहे शिशु की जान का खतरा काफी कम हो गया। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग और बीडीके अस्पताल की टीम ने समय पर इलाज कर तीनों महिलाओं का रक्ताधान कराया।

सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर ने बताया कि खेतड़ी के मेहाड़ा गांव की गणगौर, सूरजगढ़ के बलौदा गांव की जीवनबाला और उदयपुरवाटी की प्रियंका सैनी को गर्भावस्था के दौरान गंभीर एनीमिया होने पर हाई रिस्क श्रेणी में रखा गया था। तीनों को बीडीके अस्पताल के ब्लड सेंटर से समय पर खून उपलब्ध कराया गया। जरूरत पड़ने पर आगे भी रक्त चढ़ाया जाएगा। पीएमओ डॉ. जितेंद्र भांभू ने बताया कि गणगौर का हीमोग्लोबिन 6.8 ग्राम, प्रियंका का 4.3 ग्राम और जीवनबाला का सिर्फ 3.6 ग्राम था, जो सामान्य से काफी कम है। समय पर इलाज मिलने से प्रसव के दौरान होने वाले खतरे को काफी हद तक टाल दिया गया।

तीनों महिलाओं का इलाज स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. सुशीला भूरिया की निगरानी में चल रहा है। वहीं, ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. राकेश कुमार ने स्वैच्छिक रक्तदाताओं की मदद से समय पर खून उपलब्ध कराया। डॉ. भांभू ने कहा कि गर्भावस्था में समय-समय पर जांच कर खून की कमी का पता लगाना और जरूरत पड़ने पर तुरंत इलाज कराना सुरक्षित मातृत्व के लिए बहुत जरूरी है। इससे मां और बच्चे, दोनों की जान बचाई जा सकती है।

निकाय-पंचायत चुनाव से पहले कांग्रेस की बैठक

अमित ओला बोले- आज से ही वार्ड और पंचायतों में जुट जाएं

कार्यकर्ताओं से सुझाव लिए, मजबूत प्रत्याशी उतारने का भरोसा; चुनावी रणनीति पर हुआ मंथन

सुरेंद्र शर्मा

झुंझुनूं (नवयत्न)। निकाय और पंचायत चुनाव 2026 की तैयारियों को लेकर रविवार को मान नगर स्थित कांग्रेस कार्यालय में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गिड़ानिया और झुंझुनूं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की संयुक्त बैठक हुई। बैठक में चुनावी रणनीति, संगठन की मजबूती और प्रचार-प्रसार को लेकर चर्चा की गई। बैठक में दोनों ब्लॉक कमेटियों की कार्यकारिणी, मंडल अध्यक्ष, नगर कांग्रेस, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, सेवादल, विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी तथा पूर्व और वर्तमान जनप्रतिनिधि शामिल हुए। विधानसभा उपचुनाव प्रभारी इस्लाम खान ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशों की जानकारी देते हुए संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने पर जोर दिया। बैठक में विशेष रूप से मौजूद रहे झुंझुनूं विधानसभा के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी अमित ओला ने कार्यकर्ताओं से कहा कि सभी अभी से अपने-अपने वार्डों और पंचायतों में सक्रिय होकर संगठन को मजबूत करें। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की राय और सुझाव के आधार पर मजबूत व योग्य उम्मीदवारों को चुनाव मैदान में उतारा जाएगा। बैठक में झुंझुनू विधानसभा ब्लॉक कांग्रेस के सभी कार्यकर्ता और अग्रिम संगठनों के पदाधिकारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। गिड़ानिया ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुमेर सिंह महल ने बैठक का पूरा ब्योरा दिया और अंत में झुंझुनूं ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अजमत अली ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

ये रहे मौजूद

बैठक में मंडल अध्यक्ष मुमताज अली, विजय सिंह, ताराचन्द सैनी, राकेश राहड़, सुधेश, सुरेन्द्र सिंह, वीरेंद्र भेड़ा, नाहर सिंह, जगदीश, नगर अध्यक्ष राजेन्द्र कुमावत, पवन गाड़िया, पूर्व चेयरमैन तय्यब अली, पूर्व उपसभापति राकेश झाझडिया, सुनिल जानू, रामस्वरूप, श्यामलाल सैनी बगड़, जितेन्द्र बड़सरा,राजा पूनिया, युनुस अली, अब्दुल्ला अगवान, तय्यब हुसैन, महेश महला, शुभकरण, मनफूल सिंह, आजम भाटी, सलीम चेजारा, जुबेर कुरैशी, जुबेर खोखर, जुबेर सय्यद, तौफीक सय्यद, संदीप बुडानिया, असलम लुहार, इकबाल मलवाण, कुलड़ाराम धिवा, तौफीक रहमानी, दाउद कुरैशी, उमेद अली, रियाज चायलशाकिर खोखर समेत अन्य कार्यक्रर्ता मौजूद रहे।

नशे को हराकर बाहर आने वाला युवा असली योद्धा, समाज उसे दूसरा अवसर दे : पीएम मोदी

नई दिल्ली. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 'नशा मुक्त युवा के लिए विकसित भारत संकल्प अभियान' के शुभारंभ के अवसर पर देशभर से जुड़े युवाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए देश के युवाओं का तन और मन से स्वस्थ, आत्मविश्वास से भरपूर और नशे जैसी घातक आदतों से दूर रहना जरूरी है। प्रधानमंत्री ने युवाओं से नशे के खतरों को समझने, जागरूक रहने और समाज में नशा मुक्ति का संदेश पहुंचाने का संकल्प लेने का आह्वान किया।

काशी से शुरू हुआ अभियान अब राष्ट्रीय आंदोलन

प्रधानमंत्री ने कहा कि काशी का सांसद होने के नाते उन्हें खुशी है कि इस अभियान का पायलट प्रोजेक्ट पिछले साल काशी की पवित्र धरती से शुरू हुआ था। उन्होंने कहा कि इस अभियान में वैज्ञानिक स्पष्टता के साथ आध्यात्मिक ऊर्जा, संतों का आशीर्वाद और भारत की महान सांस्कृतिक विरासत भी जुड़ी है। देश के 125 से अधिक आध्यात्मिक संगठन, सामाजिक संगठन और एनजीओ इस दिशा में संकल्प लेकर साथ आए हैं। 'काशी डिक्लेरेशन' के जरिए रोडमैप तैयार किया गया और अब काशी से निकला यह कल्याणकारी विचार राष्ट्रीय परियोजना बन गया है।

सामूहिकता से मिलती है नई ऊर्जा

पीएम मोदी ने कहा कि व्यक्तिगत प्रयास में कई बार व्यक्ति निराश और थका हुआ महसूस कर सकता है, लेकिन जब कोई प्रयास सामूहिक अभियान बन जाता है और करोड़ों लोग कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ते हैं, तो नई ऊर्जा मिलती है। उन्होंने कहा कि यह सामूहिक ताकत अब हर युवा मन को छूने वाली है। लाखों युवाओं ने नशा मुक्ति की शपथ ली है और अपने जीवन, स्कूल, कॉलेज तथा समाज को नशे से दूर रखने का संकल्प लिया है।

विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज

विजेन्द्र सिंह लमोरिया

चिड़ावा (नवयत्न)। सुल्ताना थाना क्षेत्र के किठाना गांव में विवाहिता प्रियंका की संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे पर झूलने से मौत हो गई। इस मामले में मृतका के पीहर पक्ष की ओर से ससुराल वालों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का गंभीर आरोप लगाते हुए सुल्ताना थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। घरड़ाना खुर्द निवासी मृतका के चचेरे भाई मुकेश कुमार ने पुलिस को रिपोर्ट दी है कि प्रियंका की शादी वर्ष 2019 में किठाना निवासी टेकचंद के साथ हुई थी। मृतका के ससुर उम्मेद आर्मी से सेवानिवृत्त हैं जबकि उसका पति टेकचंद भारतीय सेना में कार्यरत है और वर्तमान में श्रीनगर में तैनात है जो करीब दो महीने पहले ही छुट्टी काटकर ड्यूटी पर लौटा था। पीहर पक्ष का आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष द्वारा दहेज के लिए प्रियंका को परेशान किया जाने लगा। शादी में बाइक मिलने के बावजूद ससुराल पक्ष संतुष्ट नहीं था और लगातार कार लाने का दबाव बनाते हुए उसे आए दिन तिरस्कृत किया जाता था। मृतका के दो बेटे हैं। बड़ा बेटा लोकेश साढ़े 3 वर्ष और छोटा बेटा यश 3-4 महीने का है। इस संबंध में सुल्ताना थाने के एसआई रामनिवास ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस को पीहर पक्ष की ओर से रिपोर्ट मिल चुकी है जिसके आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और गहन जांच के बाद ही मौत के असली कारणों और पूरे मामले का वास्तविक खुलासा हो सकेगा।

मलसीसर, खेतड़ी और चिड़ावा अस्पतालों में बनेंगे रामाश्रय वार्ड, बुजुर्गों को अलग ओपीडी में मिलेगा इलाज

अशोक राईका

झुंझुनूं (नवयत्न)। जिले के बुजुर्ग मरीजों को अब सरकारी अस्पतालों में इलाज के लिए अलग व्यवस्था मिलेगी। रामाश्रय कार्यक्रम के तहत उप जिला अस्पताल मलसीसर, खेतड़ी और चिड़ावा में अलग रामाश्रय वार्ड और ओपीडी क्लीनिक शुरू किए जाएंगे। स्वास्थ्य विभाग ने इसकी तैयारियां पूरी कर ली हैं और संबंधित अस्पतालों को व्यवस्था शुरू करने के निर्देश दिए हैं। सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर ने बताया कि तीनों अस्पतालों के रामाश्रय वार्ड के नोडल अधिकारियों को 31 जुलाई को जिला अस्पताल नवलगढ़ में संचालित रामाश्रय वार्ड का प्रशिक्षण दिया गया।

अधिकारियों ने वहां वार्ड की कार्यप्रणाली, मरीजों को मिलने वाली सुविधाएं, रजिस्टर संधारण, रिपोर्टिंग और मॉनिटरिंग व्यवस्था की जानकारी ली। प्रशिक्षण के बाद अब तीनों अस्पतालों में नवलगढ़ मॉडल के अनुसार रामाश्रय वार्ड शुरू किए जाएंगे। इन वार्डों में बुजुर्ग मरीजों को अलग ओपीडी में डॉक्टर की सलाह, जांच और इलाज की सुविधा मिलेगी। जरूरत पड़ने पर उन्हें भर्ती भी किया जाएगा। इससे वरिष्ठ नागरिकों को सामान्य ओपीडी की भीड़ से राहत मिलेगी और इलाज में आसानी होगी। सीएमएचओ ने बताया कि सभी नोडल अधिकारियों को योजना की नियमित निगरानी करने और समय-समय पर रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए गए हैं।

आधुनिक सुविधाओं से लैस होंगे रामाश्रय वार्ड-रामाश्रय वार्डों को बुजुर्ग मरीजों की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया जा रहा है। प्रत्येक वार्ड में 10 फाउलर बेड होंगे। इनमें पांच पुरुष और पांच महिला मरीजों के लिए आरक्षित रहेंगे। मरीजों की निजता बनाए रखने के लिए हर बेड के बीच परदे लगाए जाएंगे। वहीं आपात स्थिति में तुरंत सहायता के लिए नर्सिंग अलार्म सिस्टम भी रहेगा। वार्ड में महिला और पुरुषों के लिए अलग-अलग शौचालय होंगे। इनमें ग्रेब-बार लगाए जाएंगे, ताकि बुजुर्गों को उठने-बैठने में परेशानी न हो।

इसके अलावा फिजियोथैरेपी की सुविधा भी मिलेगी। कई जरुरी जांच भर्ती मरीजों के बेड पर ही की जा सकेंगी। इससे बुजुर्गों को अस्पताल में भटकना नहीं पडेंगा।

इनका कहना है

रामाश्रय कार्यक्रम का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों को उनकी उम्र और जरूरत के अनुसार बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। मलसीसर, खेतड़ी और चिड़ावा उप जिला अस्पतालों में अलग रामाश्रय वार्ड और ओपीडी शुरू होने से बुजुर्गों को प्राथमिकता के आधार पर इलाज मिलेगा। सभी नोडल अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से व्यवस्था शुरू करने और नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए गए हैं, ताकि मरीजों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।

डॉ. छोटेलाल गुर्जर
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, झुंझुनूं

हत्या से पूर्व ही साजिश का पर्दाफाश

आरबीजी गैंग के सरगना समेत 24 बदमाश गिरफ्तार

निसं

चूरू (नवयत्न)। चूरू पुलिस ने एक बड़ी आपराधिक वारदात को समय रहते विफल करते हुए आरबीजी गैंग के सरगना रामस्वरूप जाट और उसके साथियों द्वारा अपने प्रतिद्वंद्वी देवकरण उर्फ देवला जाट की हत्या की रची जा रही साजिश का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने संगठित कार्रवाई करते हुए गैंग के सक्रिय सदस्यों सहित कुल 24 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई के दौरान दो अवैध देसी पिस्टल, तीन मैगजीन, 29 जिंदा कारतूस तथा एक स्कॉर्पियो और छह बोलेरो कैंपर सहित कुल सात वाहन बरामद किए हैं। पुलिस अधीक्षक निश्चय प्रसाद एम. के निर्देशन में जिला डीएसटी और दूधवाखारा थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने यह कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार 1 अगस्त को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली थी कि आरबीजी गैंग का सरगना रामस्वरूप जाट अपने साथियों के साथ प्रतिद्वंद्वी देवकरण उर्फ देवला जाट की हत्या की योजना बनाने के लिए हथियारों और वाहनों के साथ इकट्ठा हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर दबिश दी। पुलिस की भनक लगते ही कुछ आरोपी अंधेरे और भीड़ का फायदा उठाकर फरार हो गए, जबकि अन्य को पकड़ लिया गया। पुलिस की पूछताछ और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर 24 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में कई सक्रिय हिस्ट्रीशीटर शामिल हैं, जिनके खिलाफ हत्या, हत्या का प्रयास, अपहरण, डकैती, मारपीट, आर्म्स एक्ट सहित विभिन्न गंभीर धाराओं में अनेक मुकदमे दर्ज हैं।

दो अलग-अलग कार्रवाइयों में हथियार बरामद

दूधवाखारा थाना पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान एक बोलेरो कैंपर को रोककर तलाशी ली। वाहन में सवार दो आरोपियों के कब्जे से 32 बोर की एक देसी पिस्टल, एक मैगजीन और आठ जिंदा कारतूस बरामद किए गए। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे आरबीजी गैंग के सदस्य हैं और देवकरण उर्फदेवला की हत्या की नीयत से हथियार लेकर आए थे। इसी अभियान के दौरान चूरू कचहरी चौराहे के पास एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार किया गया, जिसके कब्जे से 7.65 बोर की एक देसी पिस्टल, दो मैगजीन और 25 जिंदा कारतूस बरामद हुए।

संगठित अपराध और आर्म्स एक्ट में मुकदमे दर्ज

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संगठित अपराध से संबंधित प्रावधानों और आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमे दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले की गहन जांच जारी है और फरार आरोपियों की तलाश में लगातार दबिश दी जा रही है। जिले में संगठित अपराधियों के खिलाफ आगे भी इसी तरह सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

नवयत्न कोबरी-सार

मोमबत्तियों की लौ बनी युवाओं की हुंकार !

1250 पद खाली, फिर भी भर्ती नहीं, आयुर्वेद छात्रों ने सरकार को दी आर-पार की चेतावनी

निसं

सरदारशहर (नवयत्न)। नियमित भर्ती की मांग को लेकर शनिवार शाम सरदारशहर में आयुर्वेद महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं और प्रदेशभर के आयुर्वेद अभ्यर्थियों का आक्रोश सड़कों पर दिखाई दिया। हाथों में जलती मोमबत्तियां और मांगों से जुड़ी तख्तियां लेकर छात्रों ने शांतिपूर्ण कैंडल मार्च निकाला और सरकार से वर्षों से लंबित नियमित भर्ती प्रक्रिया तत्काल शुरू करने की मांग की। छात्रों का कहना था कि एक ओर प्रदेश में सैकड़ों पद खाली पड़े हैं वहीं दूसरी ओर सेवानिवृत्त चिकित्सकों की पुनर्नियुक्ति की तैयारी की जा रही है, जिससे हजारों योग्य और बेरोजगार आयुर्वेद चिकित्सकों का भविष्य अंधकार में धकेला जा रहा है। प्रदर्शन के दौरान छात्र नेता वरुण सिंह ने कहा कि वर्ष 2024 में सरकार ने आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारियों की नियमित भर्ती की घोषणा की थी लेकिन आज तक भर्ती प्रक्रिया शुरू नहीं की गई। इसके विपरीत आयुर्वेद विभाग लगभग 926 रिक्त चिकित्सा अधिकारी पदों पर सेवानिवृत्त चिकित्सकों को दोबारा नियुक्त करने की तैयारी कर रहा है। इतना ही नहीं 310 आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारियों को मेडिकल कॉलेजों में प्रतिनियुक्ति पर भेजे जाने के कारण विभाग में रिक्त पदों की संख्या बढ़कर करीब 1250 हो गई है। इसके बावजूद सरकार नियमित भर्ती की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है। छात्रों ने कहा कि यदि विभाग में इतने बड़े स्तर पर पद रिक्त हैं तो उनका पहला अधिकार प्रदेश के योग्य और बेरोजगार अभ्यर्थियों का है। रिक्त पदों पर नियमित नियुक्तियां होने से न केवल युवाओं को रोजगार मिलेगा बल्कि प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएं भी मजबूत होगी। प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि सेवानिवृत्त चिकित्सकों की पुनर्नियुक्ति से युवाओं के रोजगार के अवसर लगातार कम हो रहे हैं। मोमबत्तियों के साथ निकले इस मार्च में छात्रों ने सरकार के खिलाफ जोरदार नारे लगाए और मांग की कि सेवानिवृत्त आयुर्वेद चिकित्सकों की पुनर्नियुक्ति संबंधी आदेश तत्काल निरस्त किए जाए। विभागीय पदोन्नति समिति की प्रक्रिया पूरी कर वास्तविक रिक्त पदों का निर्धारण किया जाए। वर्ष 2024 में घोषित आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारियों की नियमित भर्ती बिना देरी शुरू की जाए। 926 रिक्त पदों का प्रस्ताव राजस्थान लोक सेवा आयोग को भेजकर जल्द भर्ती विज्ञप्ति जारी की जाए। सभी आयुर्वेद महाविद्यालयों में रिक्त शिक्षक एवं चिकित्सा अधिकारी पदों पर भी शीघ्र भर्ती की जाए तथा भविष्य में रिक्त पदों को केवल नियमित भर्ती के माध्यम से भरने की स्पष्ट नीति बनाई जाए। छात्रा विनीता मीणा ने कहा हम सरकार से केवल अपना अधिकार मांग रहे हैं। जब प्रदेश में हजारों पद खाली हैं तो युवाओं का भविष्य छीनकर सेवानिवृत्त चिकित्सकों को दोबारा नियुक्त करना पूरी तरह अनुचित है। सरकार को युवाओं के हित में तत्काल नियमित भर्ती शुरू करनी चाहिए। छात्रा पल्लवी ने कहा प्रदेश के हजारों आयुर्वेद अभ्यर्थी वर्षों से भर्ती का इंतजार कर रहे हैं। हम शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रख रहे हैं लेकिन यदि सरकार ने जल्द सकारात्मक निर्णय नहीं लिया तो यह आंदोलन पूरे राजस्थान में और बड़ा रूप लेगा। जब तक नियमित भर्ती शुरू नहीं होगी, हमारा संघर्ष जारी रहेगा। प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि सरकार ने उनकी मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया तो आंदोलन को जिला स्तर से प्रदेश स्तर तक विस्तारित किया जाएगा और बड़े स्तर पर जनआंदोलन खड़ा किया जाएगा। इस दौरान प्राचार्य डॉ रविंद्र, डॉ सरिता, डॉ सुशील कस्वा, नीरज यादव, तरुण सिंह, आयुष डिडेल, लक्ष्मण कस्वां, विनीता मीना, निशा सोनी, पल्लवी सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं और अभ्यर्थी मौजूद रहे।

निःशुल्क हृदय रोग जांच शिविर आयोजित

निसं

श्रीमाधोपुर (नवयत्न)। रोटरी क्लब श्रीमाधोपुर सनराइज व खण्डेलवाल हार्ट इंस्टीट्यूट जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को चौधरी नाथूराम भामू रोटरी भवन में निःशुल्क हृदय रोग जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर संयोजक डॉ माधव सिंह ने बताया कि शिविर में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ अंशुल रोहिल्ला ने 28 मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श दिया। शिविर में रोगियों की ईसीजी, शुगर जांच और ब्लड प्रेशर जांच भी निःशुल्क की गई। यह शिविर प्रतिमाह के प्रथम रविवार को सुबह 10 से आयोजित किया जाता है। इस अवसर पर हार्ट हॉस्पिटल के नर्सिंग स्टाफ देवेन्द्र और रीतू समेत राजकुमार बिजारणियां, दीपक जाटावत, प्रदीप शर्मा, वेदप्रकाश शर्मा समेत कई लोग उपस्थित थे।

पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

निसं

श्रीमाधोपुर (नवयत्न)। शहर के वार्ड नंबर 10 की राजीव कॉलोनी के चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर परिसर में रविवार को पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। मंदिर विकास समिति के कोषाध्यक्ष मालीराम शर्मा ने बताया कि पर्यावरण मित्र राजू बागवान के सहयोग से कॉलोनी वासियों ने पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम के दौरान छायादार व प्राण वायु प्रदान करने वाले विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए। उपस्थित लोगों ने पौधों के संरक्षण एवं नियमित देखभाल का भी संकल्प लिया। इस अवसर पर कॉलोनीवासियों ने पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए पर्यावरण मित्र राजू बागवान का श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। कार्यक्रम में एडवोकेट राजेंद्र शर्मा, प्रहलाद नायक, भगवती प्रसाद, मुकेश स्वामी, कार्तिक शर्मा, विक्रम सिंह राठौड़, मनीष तिवाड़ी, तपेंद्र कुमार शर्मा, अनिल, एडवोकेट हिमांशु शर्मा, वेदांश सहित बड़ी संख्या में युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

श्रमदान से बदली पार्क की पहचान

निसं

बीकानेर (नवयत्न)। शिकायत नहीं, सहयोग के मूल मंत्र और हर सप्ताह कुछ समय राष्ट्र के नाम के संकल्प को साकार करते हुए टीम हॉर फॉर नेशन ने रविवार प्रात: 7 बजे कलेक्ट्रेट कार्यालय, पुलिस अधीक्षक कार्यालय एवं बीडीए कार्यालय के सामने स्थित सार्वजनिक पार्क में अपना साप्ताहिक स्वच्छता अभियान आयोजित किया। यह पार्क शहर के सबसे प्रमुख और सुंदर सार्वजनिक स्थलों में से एक है किन्तु पिछले कुछ समय से यहाँ सूखी झाड़ियाँ, प्लास्टिक, कचरा एवं अन्य अपशिष्ट एकत्र होने के कारण इसकी सुंदरता प्रभावित हो रही थी। टीम ने लगभग डेढ़ घंटे के सामूहिक श्रमदान से पार्क के बड़े हिस्से को साफकर उसकी प्राकृतिक सुंदरता को पुन: निखारने का प्रयास किया। कार्य का लगभग आधा भाग पूर्ण हो सका है तथा शेष क्षेत्र की सफाई अगले रविवार के अभियान में पूरी की जाएगी। पार्क में साफ किए गए और अभी शेष बचे हिस्से दोनों स्पष्ट रूप से देखे जा सकते हैं। यह दृश्य स्वयं इस बात का प्रमाण है कि यदि सामान्य नागरिक बिना किसी शिकायत और बिना किसी अपेक्षा के केवल थोड़े समय का श्रमदान करें तो किसी भी सार्वजनिक स्थान का स्वरूप बदला जा सकता है। टीम ने शहरवासियों से आग्रह किया है कि वे इस पार्क का स्वयं अवलोकन करें और देखें कि केवल डेढ़ घंटे के सामूहिक श्रमदान से कितना बड़ा सकारात्मक परिवर्तन संभव हुआ है। समाज में परिवर्तन लाने के लिए केवल इच्छाशक्ति और सहभागिता की आवश्यकता होती है। वर्ष 2016 में स्वच्छ भारत अभियान से प्रेरित होकर प्रारम्भ हुई हॉर फॉर नेशन की यह जनभागीदारी आधारित पहल पिछले कई वर्षों से प्रत्येक रविवार निरंतर चल रही है। बिना किसी राजनीतिक संरक्षण, बिना किसी आर्थिक सहयोग या दान के, केवल स्वयंसेवकों के सामूहिक श्रमदान के माध्यम से टीम बीकानेर के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने का कार्य कर रही है। इस अभियान का उद्देश्य केवल सफाई करना नहीं बल्कि नागरिकों में अपने शहर और सार्वजनिक संपत्तियों के प्रति जिम्मेदारी एवं सहभागिता की भावना विकसित करना भी है। टीम ने सभी नागरिकों से आह्वान किया कि वे शिकायत करने की बजाय सप्ताह में कुछ समय समाज और राष्ट्र के लिए निकालें क्योंकि सकारात्मक परिवर्तन की शुरुआत हमेशा स्वयं से होती है। आज श्रमदाता डॉ विशाल मलिक, सीए वसीम रज़ा, गजेंद्र सरीन, विनोद चौधरी, डॉ फ़ारूक़, अरुण चम, बसंत दास, कपिला शर्मा, चन्द्र कला उपाध्याय, यशस्वी पाराशर, भवानी सिंह राजपुरोहित, सीए सुधीश शर्मा, मोह हसन, पुरषोत्तम शर्मा, मनोज सोनी, देवकिशन तंवर, डॉ अतुल गोस्वामी, किशोर भाटिया उपस्थित थे।

बोलेरो व बस की भिड़ंत में एक की मौत, आठ लोग घायल

निसं

नोखा (नवयत्न)। नोखा क्षेत्र में हुई बोलेरो व बस की भिड़ंत में एक की मौत हो गई। वहीं आठ लोग घायल हो गए। मृतक की पहचान कानपुरा बस्ती, नोखा निवासी 30 वर्षीय गोपालराम पुत्र हीराराम लखारा के रूप में हुई है। मृतक केंपर चालक था। उसका नोखा में ई-मित्र भी है। वहीं भाटों का बास, नोखा निवासी 25 वर्षीय किशोर पुत्र मोहनराम सुथार, लकी गुर्जर, 27 वर्षीय मघा गिरी पुत्री मदन गिरी, कुलदीप, नीमकाथाना सीकर निवासी 30 वर्षीय अनिल पुत्र कैलाश मीणा, नीमकाथाना निवासी 28 वर्षीय अभिषेक पुत्र पुरुषोत्तम ब्राह्मण, सुरजीत व ओम कुमार सिद्ध आदि घायल हुए हैं। सभी का पीबीएम में इलाज जारी है। नोखा थानाधिकारी गोविंद सिंह चारण ने बताया कि बोलेरो कैंपर नोखा से देशनोक करणी माता के दर्शन के लिए रवाना हुई थी। भामटसर के पास सामने से आ रही जैन ट्रेवल्स की बस से भिड़ंत हो गई। बस बीकानेर से जोधपुर जा रही थी।

डेविड सैनी की पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर आयोजित

निसं

खेतड़ी नगर (नवयत्न)। केसीसी के थर्ड सेक्टर स्थित राजपूत धर्मशाला में रविवार को स्व. डेविड उर्फ मोनू सैनी की पुण्यतिथि पर जयपुर की कल्याणी सेवा समिति के तत्वावधान में पांचवें स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में युवाओं और समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए 52 यूनिट रक्तदान किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धुड़ाराम सैनी रहे। अध्यक्षता समिति के संरक्षक देवाराम सैनी ने की जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में अशोकसिंह शेखावत, गोकुलचंद सैनी, समाजसेवी हरीराम गुर्जर, डॉ महेंद्र सैनी, बाबूलाल सैनी, एसीबीईओ राजेश कुमावत, अनुपसिंह सैनी, विमल शर्मा, जिला उपप्रमुख सतवीर गुर्जर, शेरसिंह कृष्णिया, डीपी सैनी मौजूद थे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने स्व. डेविड उर्फ मोनू सैनी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद बीडीके अस्पताल झुंझुनू की डॉ मैनका के नेतृत्व में संदीप चाहर, राजकुमार मीणा एवं नरेश कुमार की टीम ने रक्त संग्रहण किया। मुख्य अतिथि धुड़ाराम सैनी ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा महादान है। एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन दे सकता है। स्वस्थ व्यक्ति को नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए क्योंकि इससे न केवल किसी की जान बचती है बल्कि रक्तदाता भी स्वस्थ रहता है। अध्यक्षता कर रहे समिति संरक्षक देवाराम सैनी ने कहा कि स्व. डेविड उर्फ मोनू की स्मृति में आयोजित यह शिविर समाज सेवा और मानवता का प्रेरणादायी उदाहरण है। ऐसे आयोजन समाज में सेवा, सहयोग और परोपकार की भावना को बढ़ावा देते हैं तथा युवाओं को सामाजिक दायित्व निभाने के लिए प्रेरित करते हैं। शिविर आयोजक अनुप सैनी ने बताया कि कल्याणी सेवा समिति, जयपुर के सहयोग से यह पांचवां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया है। स्व. डेविड उर्फ मोनू की पुण्य स्मृति में हर वर्ष इस प्रकार का सेवा कार्य किया जाता है। रक्त का कोई कृत्रिम विकल्प नहीं है इसलिए अधिक से अधिक लोगों को स्वैच्छिक रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए। बीडीके अस्पताल झुंझुनू की टीम ने शिविर में कुल 52 यूनिट रक्त संग्रहित किया, जो जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवनदायी साबित होगा। समापन पर अतिथियों ने सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर नानूवाली बावड़ी सरपंच रमेश कुमार, मानोता कलां के पूर्व सरपंच प्रभुदयाल गुर्जर, नोरंगलाल, मदनलाल, जिलेसिंह, महेंद्र शास्त्री, चंद्रशेखर मीणा, मनोज आर्य, दयाराम गुर्जर, राजकुमार टेलर, रमेश पांडे, दौलतराम, प्रमोद शर्मा, अनिल सैनी, कृष्ण कुमार, राजेश नारवाल, जितेंद्र, अभिषेक, नैतिक, तन्मय, राजेश कुमार एवं श्रवण सेन सहित अनेक लोगों ने शिविर के सफल आयोजन में सहयोग किया।

जॉन प्लेयर्स का फ्लैगशिप स्टोर खुला

निसं

जयपुर (नवयत्न)। वैशाली नगर में प्रतिष्ठित मेंसवियर ब्रांड जॉन प्लेयर्स के नए फ्लैगशिप स्टोर का शुभारंभ वाणिया देवनानी एवं राधा देवनानी ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर फ्रेंचाइजी ऑनर प्रकाश देवनानी, विनोद देवनानी, डिस्ट्रीब्यूटर सुमेर सिंह, रीजनल मैनेजर कपिल, एरिया मैनेजर हिमांशु बिश्नोई तथा वीएम टीम के शम्मी रघुवंशी और योगेश मौजूद रहे। नए शोरूम में पार्टीवियर, कैजुअल, फॉर्मल, सूट, ब्लेजर सहित पुरुषों के फैशन की पूरी प्रीमियम रेंज उपलब्ध है। उद्घाटन के साथ विशेष ऑफर्स भी शुरू किए गए हैं जिनमें चयनित उत्पादों पर 50 प्रतिशत तक की छूट, 4500 रुपये की खरीद पर 10 हजार रुपये मूल्य का ट्रॉली बैग तथा 2500 रुपये की खरीद पर 5 हजार रुपये मूल्य का बैग उपहार में दिया जा रहा है। आकर्षक ऑफर्स और नए कलेक्शन के चलते पहले ही दिन शोरूम में ग्राहकों की भारी भीड़ और खरीदारी को लेकर उत्साह देखने को मिला।

स्कूल शिक्षा परिवार की जिला स्तरीय बैठक आयोजित

निसं

श्रीमाधोपुर (नवयत्न)। स्कूल शिक्षा परिवार राजस्थान की जिला स्तरीय संचालकों की स्टेप बाई स्टेप इंटरनेशनल स्कूल श्रीमाधोपुर में रविवार को की गई। प्रदेशाध्यक्ष डॉ अनिल शर्मा मुख्य अतिथि थे। मीडिया प्रभारी नरेश शर्मा ने बताया कि इस मीटिंग में विद्यालयों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा परिचर्चा हुई और सरकार एवं विभाग से विचार विमर्श करके जिन कई बिंदुओं पर आदेश निकलवाए गए और 44 बिंदु जांच प्रकरण में जांच को हटवाने संबंधित जो बातें हुई उनके ऊपर जानकारी दी गई। साथ ही श्रीमाधोपुर एवं समस्त सीकर के ब्लॉक संचालक साथियों की समस्याएं सुनी गई और उनका समाधान भी दिया गया। डॉक्टर शर्मा ने आश्वस्त किया कि वर्तमान और भविष्य में आने वाली सभी समस्याओं का हम डटकर सामना करेंगे और उनका हल लेकर ही मानेंगे। इस कार्यक्रम के जिला, ब्लॉक एवं प्रदेश कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने भी उपस्थित हो कर कार्यक्रम को और ऊर्जावान बना दिया। इनमें प्रदेश महासचिव श्रवण बोहरा, संभाग प्रभारी रमाकांत पाठक, जिला प्रभारी प्रभाकर चारण, जिला अध्यक्ष सुरेश चौधरी, नीमकाथाना प्रभारी एम आर शास्त्री, नीमकाथाना अध्यक्ष कृष्ण कुमार खटाना, दांतारामगढ़ अध्यक्ष कमलेश शर्मा, श्रीमाधोपुर अध्यक्ष विनोद गुप्ता एवं अन्य रहे। इस कार्यक्रम में जिले भर से लगभग 350 स्कूल संचालकों ने भाग लिया।

नशामुक्त युवा-विकसित भारत कार्यक्रम आयोजित

नवरतन वर्मा

रतनगढ़ (नवयत्न)। रतनगढ़ में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय तथा अणुव्रत विश्व भारती सोसायटी के तत्वावधान में आयोजित नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत कार्यक्रम की सफलता में सहभागी बनने का संकल्प अणुव्रत समिति द्वारा लिया गया।

महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय पंडितपुर में आयोजित कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष कुलदीप व्यास ने राष्ट्रीय स्तर पर संचालित इस अभियान की जानकारी देते हुए नशामुक्ति के लिए शपथ ग्रहण करवाई । संपूर्ण देश में अनेक स्थानों पर एकसाथ हुए इस कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को देश के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने संबोधित कर नशामुक्त भारत और विकसित राष्ट्र में पूर्ण सजगता के साथ सहयोग का आह्वान किया। इससे पूर्व ऑन लाइन चले प्रसारण में लघु नाटिका के माध्यम से नशे के दुष्प्रभावों और दृढ़ इच्छा शक्ति के बल पर परिवार और समाज के सहयोग से नशे पर विजयश्री प्राप्त करने का प्रभावी मंचन किया गया। समिति के सहमंत्री नरेंद्र सांकृत्य ने अणुविभा द्वारा संचालित अणुव्रत क्रिएटिविटी कॉन्टेस्ट में विद्यालयों द्वारा उत्साहपूर्वक किए जा रहे योगदान के लिए आभार प्रकट किया। इस अवसर पर अणुव्रत सेवा सारथी, अणुव्रत प्रबोधन प्रतियोगिता और इको इन्नोवेशन वीडियो कम्पीटीशन प्रकृति के प्रहरी 2ण्0 जैसी गतिविधियों की जानकारी भी दी गई । कार्यक्रम में जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा के अध्यक्ष मोतीलाल तातेड़, सचिव तेजपालसिंह गुर्जर, भारत विकास परिषद के प्रांतीय उपाध्यक्ष वासुदेव चाकलान, एडवोकेट रामावतार ठठेरा, स्काउट गाइड स्थानीय संघ के सचिव राकेश कुमार, अणुव्रत समिति कार्यकारिणी सदस्य दौलत राम दायमा, वेदप्रकाश चौधरी, प्रभात बील, रमेश सिंधी, बनवारीलाल पारीक, गोपाल मुरारका आदि उपस्थित थे।

परिवहन निगम ने नागौर से सालासर लोसल होते हुए जयपुर तक बस शुरू की

नंदलाल गौड़

लोसल (नवयत्न)। राजस्थान पथ परिवहन निगम ने लोसल सहित आसपास के श्रद्धालुओं के लिए सालासर बालाजी जाने आने के लिए एक बस की और सौगात दी है। नागौर आगार की यह बस नागौर से दोपहर ढाई बजे रवाना होकर लाडनूं-सुजानगढ़-सालासर-लोसल-दांतारामगढ होते हुए रात नौ बजे जयपुर पहुंचेगी। जयपुर से यह बस सुबह साढ़े पांच बजे रवाना होकर लोसल साढ़े नौ बजे, सालासर दस बजे एवं सुजानगढ़ साढ़े दस बजे पहुंचेगी। खास बात यह है कि निगम की बसे चलने से इस रूट पर न केवल सालासर का सफर बिल्कुल आसान हो गया है बल्कि इससे कई शहरों की दूरी भी कम हो गई है। यह रूट लोसल-रतनगढ़ हाइवे है। काफी समय तक इस रूट पर निगम की बसों की सुविधा नही मिलने से सालासर का सफर डेढ़ घंटे में तय करते थे लेकिन अब निगम की सेवा मिलना शुरू होने से तीस मिनट के लगभग समय लगता है। लोसल से धार्मिक स्थल सालासर जाने आने के लिए यह दूसरी निगम की बस है। एक बस जयपुर सालासर है तो दूसरी नागौर जयपुर शुरू हुई है। निगम की बसों का संचालन से इलाके के लोगों को बड़ी राहत मिलने शुरू हो जाएगी। बालाजी का सालासर में धाम होने से इस क्षेत्र के लोगों सहित दूरदराज से श्रद्धालु दर्शन करने जाते रहते हैं। राजस्थान सरकार द्वारा निगम की बसों में महिलाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों को रियायत प्रदान करती है अब निगम की बसे चलने शुरू होने से रियायत का लाभ मिलेगा।

प्रिंस एकेडमी में इन्वेस्टिचर सेरेमनी आयोजित

सुरेन्द्र शर्मा

सीकर (नवयत्न)। जयपुर-बीकानेर बाईपास, सीकर स्थित सीबीएसई इंग्लिश मीडियम स्कूल प्रिंस एकेडमी में इन्वेस्टिचर सेरेमनी का आयोजन किया गया। सेरेमनी में 60 सदस्यीय स्टूडेंट काउंसिल का गठन किया गया, जिसमें आर्यन को कैप्टन, तेजल को वाइस कैप्टन, अक्षत कुमार व अस्तित्व शर्मा को हेड बॉय तथा आराध्या शेखावत व आर्या को हेड गर्ल नियुक्त किया गया। काउंसिल में डिसिप्लिन इंचार्ज, लिंग्विस्टिक इंचार्ज, कल्चरल इंचार्ज, हाउस कैप्टन, वाइस कैप्टन व स्पोर्ट्स कैप्टन के पदों पर भी नियुक्तियां की गई। विद्यार्थियों द्वारा मार्च पास्ट, डम्बल ड्रिल, हाउस फ्लैग प्लेसिंग, बैज पिनिंग सहित विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। प्रिंस एजुहब चेयरमैन डॉ पीयूष सुण्डा, मुख्य प्रबंध निदेशक राजेश ढिल्लन, प्रबंध निदेशक एमआर अग्रवाल एवं प्रिंसिपल पूनम चौहान ने नवनिर्वाचित स्टूडेंट काउंसिल को बैज पहनाकर कर्तव्य निर्वहन की शपथ दिलाई।

डॉ पीयूष सुण्डा ने स्टूडेंट काउंसिल की महत्ता व उपयोगिता बताते हुए कहा कि विद्यालयी जीवन में मिले इन दायित्वों के निर्वहन से नेतृत्व क्षमता की नींव मजबूत होती है।

रक्तदान शिविर में उमड़ा जनसैलाब

निसं

जयपुर (नवयत्न)। राजापार्क स्थित शिव हरमिलाप भवन में पीएचईडी स्पोर्ट्स क्लब एवं प्रांतीय नल मजदूर यूनियन इंटक के संयुक्त तत्वावधान में जलदाय फेडरेशन इंटक के प्रथम प्रदेशाध्यक्ष स्व. मांगीलाल शर्मा की 33वीं पुण्यतिथि पर विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर एवं श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। शिविर में प्रदेशभर से आए कर्मचारियो, युवाओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया, जिसमें 245 यूनिट रक्त संग्रहित हुआ। संघ के प्रदेशाध्यक्ष संजय सिंह शेखावत सहित पदाधिकारियों ने बताया कि स्व. शर्मा के सेवाए संघर्ष और कर्मचारी हितों के आदर्शों को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष यह आयोजन किया जाता है। कार्यक्रम में हवामहल विधायक बालमुकुंद आचार्य, पूर्व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष अशोक परनामी, राजस्थान इंटक प्रदेशाध्यक्ष जगदीश राज श्रीमाली, पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास, पूर्व सांसद रामचरण बोहरा, पूर्व महापौर ज्योति खंडेलवाल, पार्षद स्वाति परनामी सहित अनेक जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। अतिथियों ने रक्तदाताओं का प्रशंसा-पत्र देकर सम्मान किया और मानव सेवा के इस अभियान की सराहना की। कार्यक्रम का समापन स्व. मांगीलाल शर्मा को श्रद्धांजलि एवं उनके आदर्शों पर चलने के संकल्प के साथ हुआ।

926 रिक्त पदों पर पुनर्नियुक्ति का विरोध

युवा आयुर्वेद चिकित्सकों ने सौंपा ज्ञापन

निसं

जयपुर (नवयत्न)। राजस्थान आयुर्वेद विभाग में 926 रिक्त पदों पर सेवानिवृत्त चिकित्सा अधिकारियों की पुनर्नियुक्ति के आदेश का विरोध करते हुए युवा आयुर्वेद चिकित्सकों ने डॉ. भंवर चौधरी के नेतृत्व में उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में राज्य के हजारों बेरोजगार आयुर्वेद चिकित्सकों के हितों की रक्षा के लिए सरकार से तत्काल हस्तक्षेप कर नियमित भर्ती प्रक्रिया शुरू करने की मांग की गई। डॉ. भंवर चौधरी ने कहा कि प्रदेश में करीब 10 हजार आयुर्वेद स्नातक, एमडी एवं पीएचडी योग्यताधारी युवा चिकित्सक रोजगार की प्रतीक्षा कर रहे हैं। इसके बावजूद 926 रिक्त पदों पर नई भर्ती के बजाय सेवानिवृत्त चिकित्सा अधिकारियों की पुनर्नियुक्ति युवाओं के साथ अन्याय है। उन्होंने कहा कि युवा चिकित्सक सरकार से केवल न्यायसंगत अवसर और नियमित भर्ती की मांग कर रहे हैं। यदि सरकार इस विषय पर सकारात्मक निर्णय नहीं लेती है। तो राज्यभर के युवा आयुर्वेद चिकित्सक लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक तरीके से व्यापक आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

हथियार के साथ फोटो सोशल मीडिया पर डालने वाला गिरफ्तार

निसं

सुजानगढ़ (नवयत्न)। हथियार के साथ सोशल मीडिया पर फोटो पोस्ट करने के मामले में पुलिस ने एक युवक को शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार किया है। कोतवाली सीआई मुकेशचन्द्र ने बताया कि अपने मामा के लाइसेंसी हथियार के साथ युवक इलियास खां उर्फविक्की पुत्र रमजान खां निवासी होली धोरा सुजानगढ़ को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर 6 माह के लिए पाबंद करवाया गया है। भोजन करने के लिए बैठे होने के दौरान यह फोटो लिया गया है। सीआई ने बताया कि आरोपी के मामा शोकत अली खान का यह लाइसेंसी हथियार था, जिसके साथ आरोपी ने फोटो सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया। सीआई ने अपील की है कि परिजन अपने बच्चों का ध्यान रखें कि वो क्या कर रहे हैं, अगर किसी भी वैध या अवैध हथियार के साथ फोटो, विडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाला जायेगा, तो पुलिस कार्यवाही करेगी।

आश्रम में निवासरत प्रभुजनों को मिली चर्म रोग विशेषज्ञ की निःशुल्क सेवा

नवरतन वर्मा

रतनगढ़ (नवयत्न)। रतनगढ़ में अपना घर आश्रम में निवासरत प्रभुजनों के चर्म रोग संबंधी स्वास्थ्य परीक्षण, रोग निदान एवं उपचार हेतु बीकानेर के चर्म रोग विशेषज्ञ डॉक्टर प्रवीण झाझड़िया ने स्व प्रेरणा से नि:शुल्क सेवा प्रदान की। आश्रम के नर्सिंग प्रभारी अंकित प्रजापत ने बताया कि डॉ प्रवीण झाझड़िया आश्रम में समय दान हेतु पधारे और प्रभुजनों का स्वास्थ्य परीक्षण कर चर्म रोग से पीड़ित प्रभुजनों का उपचार किया। डॉ. झाझडिया ने आश्रम व्यवस्था की प्रशंसा करते हुए कहा कि अस्वस्थ प्रभुजनों के स्वस्थ परीक्षण हेतु भविष्य में भी आवश्यकतानुसार शिविर आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी संदीप व्यास, हेमंत प्रजापत, कमला ड्रग्स के नवीन व्यास आदि उपस्थित थे। आश्रम परिवार की ओर से सचिव कुलदीप व्यास ने अतिथियों का दुपट्टा पहनाकर अभिनंदन किया।

कांग्रेस जिला कार्यकारिणी की बैठक आयोजित

नवरतन वर्मा

रतनगढ़ (नवयत्न)। रतनगढ़ में नवगठित कांग्रेस जिला कार्यकारणी की बैठक जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष मनोज मेघवाल की अध्यक्षता में हुई। इस अवसर पर नव पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। बैठक प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार नगर निकाय एवं पंचायती राज चुनाव को लेकर की गई। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष मनोज मेघवाल ने कहा संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत कर चुनाव जीतना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार की उपलब्धियां शून्य रही है। तथा स्थानीय मुद्दों पर ध्यान केन्द्रित किया जाएगा। जल्द ही कांग्रेस के सभी विधानसभा प्रभारी नियुक्त किये जाएंगे। विधायक पूसाराम गोदारा ने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है और हर वर्ग बीजेपी की सरकार से परेशान है। संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए सभी कार्यकर्ता एक जुटता के साथ सफलता हासिल करें। जिलाध्यक्ष मनोज मेघवाल एवं विधायक पूसाराम गोदारा ने आगामी 5 अगस्त को ग्राम दाऊदसर में शहीद हरलाल कालेर की प्रतिमा अनावरण कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा द्वारा किए जाने की जानकारी देते हुए ज्यादा से ज्यादा संख्या में कार्यकर्ताओं सहित आमजन को पहुंचने की अपील की।

बैठक में हाजी मकबूल मंडेलिया पूर्व विधायक, पायल सैनी, संजय कस्वा, करतार टांडी, कन्हैयालाल सैनी, रमेश इंदौरिया, आदूराम न्यौल, अमित मारोठिया, विद्याधर बैनिवाल, आदि ने संबोधित किया। बैठक में खानू खान बुधवाली, सुनीता कपूरिया, अरविंद चाकलान, आसिफ खान, भानीराम मेघवाल, गिरधारी लाल बांगड़वा, भँवर लाल जसेल, फकीर चंद दानोदिया, रामचंद्र गोदारा, मुख्तयार खान, संजय पुनिया, चरण सिंह कोका, भागीरथ खिचड़, विजय कुमार माली, उमरदीन, हेमंत सिहाग, बीरबल नाथ सिद्ध, जंगशेर खान, शिव कुमार शर्मा, शमशेर खान, परमेंद्र सिहाग, शेर खान, प्रताप कस्वा, सोहन लाल मेघवाल, असलम खोखर, गणेश ढाका, सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

काली घाटी महिला सुरक्षा के संवेदनशील मुद्दे पर आधारित फिल्म का ट्रेलर रिलीज

नवरतन वर्मा

रतनगढ़ (नवयत्न)। रतनगढ़ में एमटीआर फिल्म प्रोडक्शन की नई पेशकश काली घाटी महिला सुरक्षा के संवेदनशील मुद्दे पर आधारित फिल्म का ट्रेलर स्थानीय सूर्य थियेटर में विधिवत रूप रिलीज किया व उपस्थित दर्शकों ने खुब प्रशंसा की। उपस्थित मुख्य नायक रुद्र चौधरी, खैमचन्द चौधरी-डिडवाना, ललीत भार्गव ढांढण व सुमित सिरसिया ईन्दोर ने संयुक्त रूप आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि बहुप्रतीक्षित फिल्म कालीघाटी 7अगस्त 2026 को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए पूरी तरह तैयार है। समाज में लड़कियों और महिलाओं के खिलाफ हो रहे अपराधों-विशेषकर अपहरण और दुष्कर्म-जैसे गंभीर और संवेदनशील मुद्दों पर प्रहार करती यह फिल्म दर्शकों को झकझोरने और सोचने पर मजबूर कर देगी। उन्होंने बताया कि इस फिल्म का दमदार ट्रेलर 1 अगस्त 2026 को श्रेड रिबन म्यूजिक पर रिलीज किया जा चुका है, जिसे दर्शकों की ओर से शानदार प्रतिक्रिया मिल रही है। निर्देशक संजू श्रीदा के बेहतरीन निर्देशन में बनी इस फिल्म की कास्टिंग बेहद खास है, जिसमें देश के अलग-अलग हिस्सों से आए प्रतिभाशाली कलाकारों का संगम देखने को मिलेगा व इस फिल्म की शुटिंग मुख्य रूप से बोम्बे, गुजरात व राजस्थान में हुई है।

युवाओं ने निकाली बदलाव संकल्प रैली

निसं

तारानगर (नवयत्न)। युवादल की ओर से कस्बे में बदलाव संकल्प रैली निकाली गई। युवादल के मुकेश फगेड़िया ने बताया कि रैली में अनेक युवाओं ने उत्साह से भाग लिया।

रैली नगरपालिका से शुरू होकर बस स्टैंड, अम्बेडकर सर्किल, मुख्य बाजार होते हुए पशु अस्पताल तक निकाली गई। रैली में युवादल के नव मनोनीत प्रदेशाध्यक्ष पूर्ण सरोहा का युवाओं व मुख्य बाजार में व्यापारियों ने माला पहनाकर व फूलों की बारिश कर जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर युवादल के मुकेश फगेड़िया, अनिश लगुरिया, रोहित सोनी, योगेश शर्मा, संदीप सैन, विनोद पिलानिया, महेंद्र फगेड़िया, सुरेश कस्वा, सुनील सोनी, विकास खन्ना, दौलतराम जागीर, सुशील शर्मा, रामचंद्र, पवन, राजूराम सुथार आदि अनेक कार्यकर्ता मोजूद थे।

नशा मुक्त युवा - विकसित भारत, नशा नरक का द्वार है : मेहता

निसं

नोखा (नवयत्न)। नशा मुक्त युवा - विकसित भारत, नशा नरक का द्वार है यह उद्बोधन रविवार को अणुव्रत समिति नोखा के द्वारा आयोजित देश को नशामुक्त बनाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय व अनुविभा के संयुक्त तत्वावधान में प्रारंभ किए गए नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में उपासक कांति लाल मेहता ने दिया। मेहता ने सभी साधकों को नशे से दूर रहने की सलाह दी। उपासक सुरेश बाफना ने नशा मुक्ति व सात्विक जीवन के लिए पाँच सूत्र बताए जिनको अपनाकर नशा मुक्त व शुद्ध सात्विक जीवन जिया जा सकता है। तेरापंथ भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उद्बोधन का लाइव प्रसारण किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन, युवा, महिलाएँ तथा विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं के पदाधिकारियों ने सहभागिता करते हुए प्रधानमंत्री के प्रेरक उद्बोधन का श्रवण किया और आजीवन नशामुक्त रहने की शपथ ली। देशव्यापी इस ऐतिहासिक अभियान में 10 हजार से अधिक स्थानों को वर्चुअल माध्यम से जोड़ा गया जबकि एक करोड़ से अधिक युवाओं एवं नागरिकों ने इसमें सहभागिता कर नशामुक्त भारत के राष्ट्रीय संकल्प को अपना समर्थन दिया। कार्यक्रम के दौरान देशभर में सामूहिक रूप से नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई तथा आगामी 100 सप्ताह तक प्रत्येक रविवार जनजागरण, खेल, फिटनेस, सांस्कृतिक एवं सामाजिक गतिविधियों के माध्यम से इस अभियान को जनआंदोलन का स्वरूप देने की घोषणा की गई। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति का ही नहीं बल्कि परिवार, समाज और राष्ट्र के भविष्य का भी सबसे बड़ा शत्रु है। उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि विकसित भारत के निर्माण के लिए नशामुक्त, स्वस्थ, अनुशासित और संस्कारित युवा शक्ति की आवश्यकता है। उन्होंने प्रत्येक नागरिक से इस अभियान को जनभागीदारी के माध्यम से सफल बनाने का आग्रह किया। कार्यक्रम के दौरान जैन श्वेताम्बर तेरापंथ धर्मसंघ के एकादश आचार्य पूज्य आचार्यश्री महाश्रमण के नेतृत्व में संचालित अणुव्रत आंदोलन एवं नैतिक जागरण अभियान का भी विशेष उल्लेख किया गया। आचार्यश्री महाश्रमण वर्षों से व्यसनमुक्ति, चरित्र निर्माण, नैतिकता एवं मानवीय मूल्यों के संवर्धन हेतु देशभर में सतत जनजागरण अभियान चला रहे हैं। उनके प्रेरक प्रयासों से हजारों लोगों ने व्यसन का त्याग कर संयमपूर्ण जीवन का मार्ग अपनाया है। इस अवसर पर अणुव्रत विश्व भारती सोसायटी द्वारा संचालित नशामुक्ति, नैतिक जागरण एवं चरित्र निर्माण अभियानों की जानकारी भी दी गई। अणुव्रत समिति नोखा के अध्यक्ष रमेश कुमार व्यास ने नोखा के सभी युवाओं से नशा मुक्त रहकर देश को विकसित करने की धारा में शामिल होने की अपील की। मंत्री गजेंद्र पारख ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित करते कहा कि व्यसनमुक्त जीवन ही आध्यात्मिक उन्नति, पारिवारिक सुख और स्वस्थ समाज की आधारशिला है तथा सभी से अणुव्रत के सिद्धांतों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर सभा अध्यक्ष शुभकरण चोरड़िया, हंसराज भूरा, निर्मल चोपड़ा, हरिकिशन शर्मा, कविराज, इन्द्रचन्द बैद, मनोज घीया, कार्तिक नाहटा, भावना मरोठी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

शीतल जल प्याऊ एवं सुलभ शौचालय का उद्घाटन आज

ललित दाधीच

राजलदेसर (नवयत्न)। संत शिरोमणि हनुमान भक्त अखाराम दादाजी महाराज की तपोभूमि सिद्ध पीठ परसनेऊ धाम में दादी की स्मृति में पोतियों द्वारा बनवाए गए शीतल जल मंदिर एवं सुलभ शौचालय का उद्घाटन आज किया जाएगा। स्वर्गीय गीता देवी पुजारी एवं स्वर्गीय मुनी देवी पुजारी, सालासर की स्मृति में आयोजित कार्यक्रम के दौरान इन जनोपयोगी कार्यों का शुभारंभ होगा। सालासर पुजारी परिवार के महेश पुजारी, रमेश पुजारी, दिनेश पुजारी, विद्याधर पुजारी, इंदरचंद पुजारी एवं आत्माराम पुजारी तथा उनके पुत्रों की प्रेरणा से यह कार्य करवाया गया है। कार्यक्रम का उद्घाटन आज सुबह 11 बजे दादाजी महाराज के मंदिर परिसर में होगा। मंदिर के पुजारी जगदीश, किशन एवं श्रवण ने बताया कि आज दादाजी महाराज की पंचमी के साथ श्रावण मास का पहला सोमवार भी है। इस अवसर पर दादाजी महाराज के मंदिर में रुद्राभिषेक का आयोजन भी किया जाएगा। इसके अलावा आगामी दादाजी महाराज के जन्मोत्सव को लेकर तैयार किए गए फोल्डर का विमोचन भी कार्यक्रम के दौरान किया जाएगा । आयोजन को लेकर मंदिर परिसर में तैयारियां जोरशोर से चल रही हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए बनाए गए शीतल जल मंदिर एवं सुलभ शौचालय को दादी की स्मृति में सेवा और जनकल्याण की भावना से उठाया गया महत्वपूर्ण कदम कार्य है ।

जर्जर पेयजल टंकी बनी बड़े हादसे का कारण

कभी भी हो सकती है अनहोनी, ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन

विजेन्द्र सिंह लमोरिया

चिड़ावा (नवयत्न)। अड़ूका क्षेत्र में सार्वजनिक पेयजल व्यवस्था से जुड़ी एक बड़ी लापरवाही सामने आई है। ग्राम पंचायत अड़ूका में करीब 38 वर्ष पुरानी सार्वजनिक पेयजल की टंकी पूरी तरह से जर्जर अवस्था में पहुंच चुकी है, जिसके चलते कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। हालात यह हैं कि टंकी के मुख्य पिलर, अन्य बीम, सीढ़ियां और ऊपरी हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुके हैं और जगह.जगह से सीमेंट उखड़ने के साथ लोहे के सरिए बाहर निकल आए हैं। इस गंभीर खतरे को भांपते हुए स्थानीय ग्रामीणों ने जर्जर टंकी के पास इकट्ठा होकर विरोध प्रदर्शन किया और प्रशासन के खिलाफ रोष व्यक्त किया।

घनी आबादी के बीच बनी है टंकी

ग्रामीणों ने बताया कि यह विशाल पेयजल टंकी वर्ष 1988 में बनाई गई थी, जिसे अब लगभग 38 वर्ष बीत चुके हैं। समय के साथ रख-रखाव के अभाव में यह पूरी तरह नाकारा हो गई है। सबसे चिंताजनक बात यह है। कि इस टंकी के चारों तरफघनी आबादी और रिहायशी मकान बसे हुए हैं। दिनभर यहां लोगों और बच्चों का आना-जाना रहता है। ऐसे में यदि यह टंकी अचानक ढहती है, तो क्षेत्र में भारी जनहानि हो सकती है।

ग्रामीणों ने की नई टंकी बनवाने की मांग

बड़े हादसे की आशंका से सहमे ग्रामीणों ने सरकार और जिम्मेदार आला अधिकारियों से पुरजोर मांग की है। कि इस जर्जर टंकी को जल्द से जल्द गिराया जाए और इसकी जगह पर नई पेयजल टंकी का निर्माण करवाया जाए ताकि भविष्य में किसी भी अनहोनी या जनहानि से बचा जा सके। इस विरोध प्रदर्शन और रोष व्यक्त करने वालों में डॉ. नरेंद्र सिंह, प्रताप सिंह, मनोज स्वामी, भवानी सिंह, पप्पू कुमार, फेनी सिंह, राधेश्याम, बुद्धराम गुर्जर, काशु सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

नशा मुक्ति प्रतिज्ञा महाअभियान को लेकर हुई संगोष्ठी

विजेन्द्र सिंह लमोरिया

चिड़ावा (नवयत्न)। नशा मुक्त भारत अभियान के तहत चिड़ावा के बिंवाल गेस्ट हाउस में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सामाजिक सहभागिता से नशा मुक्ति प्रतिज्ञा महाअभियान को सफल बनाना और जनता को जागरूक करना था। समारोह के दौरान ब्रह्माकुमारी बहन स्नेहा, भाजपा नेता राजेश दहिया, नगर मंडल भाजपा अध्यक्ष नरेंद्र गिरधर, अनिता मोदी, कन्हैयालाल लाठ और चिड़ावा थानाधिकारी लक्ष्मीचंद वर्मा ने अपने विचार रखे। वक्ताओं ने समाज में फैल रही नशे की प्रवृत्ति पर चिंता जताते हुए युवाओं को सही दिशा देने और इस महाअभियान से जुड़ने का आह्वान किया। थानाधिकारी लक्ष्मीचंद वर्मा ने भी कानून और सामाजिक स्तर पर मिलकर नशा खत्म करने पर जोर दिया। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों और उपस्थित नागरिकों को नशा न करने तथा समाज को नशा मुक्त बनाने की शपथ दिलाई गई। इस आयोजन में आशु स्वामी, कवि नगेन्द्र शर्मा, विकास पूनिया और फूलचंद भगेरिया सहित क्षेत्र के कई गणमान्यजन मौजूद रहे।

गांजा प्रकरण पर फूटा ग्रामीणों का गुस्सा

निर्दोष परिवार को न्याय दिलाने की उठाई मांग

निसं

जयपुर (नवयत्न)। आमेर क्षेत्र की ग्राम पंचायत छापराडी में गांजे के पौधों के मामले में दर्ज मुकदमे को लेकर ग्रामीणों में रोष है। जहां बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हुए और मीडिया के माध्यम से सरकार, पुलिस एवं प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर गरीब परिवार को न्याय दिलाने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि 25 जुलाई को नारकोटिक्स विभाग और आमेर थाना पुलिस ने एक खेत में गांजे के पौधे मिलने के बाद सहखातेदार मूलचंद मीणा के खिलाफ मामला दर्ज किया था। उनका दावा है कि संबंधित खेत में मिले पौधे किसी ने बोए नहीं थे, बल्कि स्वत: उगी खरपतवार हैं। ऐसे पौधे क्षेत्र के अन्य खेतों, सरकारी भूमि, नदी-नालों और आसपास के स्थानों पर भी देखे जा सकते हैं। ग्रामीणों के अनुसार मूलचंद मीणा लंबे समय से जयपुर में रह रहे हैं और काफी समय से गांव नहीं आए हैं। उनके माता-पिता का पहले ही निधन हो चुका है तथा करीब एक वर्ष पूर्व उनकी पत्नी की कैंसर से मृत्यु हो गई थी। ऐसे में उन पर गांजे की खेती का आरोप लगाना उचित नहीं है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पूरे क्षेत्र का सर्वे कराने, स्वत: उगे ऐसे पौधों की पहचान कर उन्हें नष्ट करने तथा भविष्य में निर्दोष लोगों के खिलाफ कार्रवाई से बचने की मांग की। साथ ही पूरे मामले की निष्पक्ष एवं गहन जांच कर मूलचंद मीणा पर दर्ज मुकदमा वापस लेने और गरीब परिवार को न्याय दिलाने की अपील की।

मंदिर में पूजा की आड़ में बेच रहा था स्मैक, 7.80 ग्राम के साथ गिरफ्तार

अशोक राईका

झुंझुनूं (नवयत्न)। सदर थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए मंदिर में पूजा-पाठ की आड़ में स्मैक बेचने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से 7.80 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ की जा रही है। सदर थानाधिकारी बिमला बुडानिया के नेतृत्व में टीम ने यह कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार उदावास गांव में एक व्यक्ति द्वारा मंदिर में पूजा-पाठ की आड़ में स्मैक बेचने की गोपनीय सूचना मिली थी। सूचना के बाद पुलिस ने पहले आसूचना संकलन कराया और पुष्टि होने पर दबिश दी गई। कार्रवाई के दौरान आरोपी प्रताप सिंह पुत्र भीम सिंह निवासी रेपस्वालों की ढाणी, तन उदावास के कब्जे से 7.80 ग्राम स्मैक बरामद कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। पूछताछ में यह पता लगाया जा रहा है कि आरोपी स्मैक कहां से लाता था।

सम्पादकीय

पहलगाम जैसी करतूत

जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में ईंट भट्ठे पर काम करने वाले छत्तीसगढ़ के दो हिंदू श्रमिकों की उनका मजहब पूछकर हत्या पहलगाम के भीषण आतंकी हमले की याद दिलाने वाली बर्बर घटना है। पिछले वर्ष अप्रैल में पहलगाम में इसी तरह करीब दो दर्जन पर्यटकों को उनका मजहब पूछकर मारा गया था। यह भी ध्यान रहे कि पहलगाम की तरह कुलगाम के बर्बर हमले की जिम्मेदारी पाकिस्तान के उसी पालतू आतंकी संगठन टीआरएफ ने ली है, जो लश्करे तैयबा का मुखौटा संगठन है।

पाकिस्तान ने टीआरएफ को लश्करे तैयबा की मदद से तब खड़ा किया था, जब उसके सिर पर एफएटीएफ की तलवार लटक रही थी। कुलगाम की घटना यह बता रही है कि अभी टीआरएफ आतंकियों के दुस्साहस का दमन होना शेष है। टीआरएफ गैर-कश्मीरियों और खासकर हिंदुओं की हत्या करने के लिए कुख्यात रहा है। पहलगाम की घटना की भी उसने जिम्मेदारी ली थी। बाद में डर से मुकर गया था। तथ्य यह भी है कि पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र में उसका बचाव किया था।

लगता है पाकिस्तान पहलगाम आतंकी हमले के बाद ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना के हाथों हुई अपनी तबाही भूल गया है। कुलगाम में आतंकी हमला ऐसे समय किया गया, जब पाकिस्तान अपने कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में लोगों का निर्ममता से दमन करने में लगा हुआ है। हैरानी नहीं कि इस कारण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उसकी जो थू-थू हो रही है, उससे ही ध्यान बंटाने के लिए उसने कुलगाम में पहलगाम की तर्ज पर आतंकी हमला कराया हो।

पाकिस्तान का दुस्साहस इसलिए बढ़ गया है, क्योंकि अमेरिका ने उसकी पीठ पर हाथ रख दिया है। ऐसे में भारत को उस पर दबाव बनाने के लिए कूटनीतिक स्तर पर कुछ नए कदम उठाने होंगे। इसके साथ ही पाकिस्तान को यह भी याद दिलाना होगा कि आपरेशन सिंदूर अभी स्थगित भर है। कुलगाम की घटना यह भी रेखांकित कर रही है कि जम्मू-कश्मीर में आतंकियों को अभी भी पनाह मिल रही है और उन्हें सहयोग एवं संरक्षण देने वाले तत्व सक्रिय हैं।

आतंकियों के साथ उनके समर्थकों को भी निशाने पर लेने की जरूरत है। जब तक ऐसा नहीं किया जाता, तब तक कश्मीर में शांति की सही तरह बहाली संभव नहीं। आतंकवाद का तो कोई मजहब नहीं होता, लेकिन इसमें कोई दो राय नहीं कि आतंकी मजहब की आड़ लेते हैं। कश्मीर में आतंकियों को संरक्षण मिलने का यही एक बड़ा कारण है। समस्या यह है कि कश्मीरी नेता इस सच से मुंह मोड़ना चाहते हैं। इसकी अनदेखी न की जाए कि जम्मू-कश्मीर में सत्तारूढ़ नेशनल कांफ्रेंस के नेता कुलगाम की घटना पर यह बेतुका प्रश्न उठाने में लगे हुए हैं कि ऐसा तभी क्यों होता है, जब वे जम्मू-कश्मीर के राज्य दर्जे को बहाल करने की मांग करते हैं? इस तरह के सवाल शरारतपूर्ण ही हैं।

विशेष आलेख

नेपाल में भड़की साम्प्रदायिक हिंसा की चिंगारी क्या समूचे हिंदू समाज के लिए खतरे की घंटी है...?

हिंसा की शुरुआत सुनसरी जिले के देवानगंज क्षेत्र से हुई, लेकिन जल्द ही इसकी आग धनुषा, सिराहा, सप्तरी और जनकपुर सहित नेपाल के दक्षिणी तराई क्षेत्र में फैल गई। प्रशासन को कई जिलों में अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लगाना पड़ा, जबकि पांच से अधिक लोगों के एकत्र होने, जुलूस, प्रदर्शन और सभाओं पर रोक लगा दी गई। नेपाल सेना तक को तैनात करना पड़ा, जिससे हालात की गंभीरता का अंदाजा लगाया जा सकता है।

नेपाल की तराई इस समय किसी शांत पहाड़ी देश की तस्वीर नहीं, बल्कि ऐसी बारूद की ढेरी नजर आ रही है, जहां एक मामूली चिंगारी ने पूरे इलाके को अपनी चपेट में ले लिया। कांवड़ यात्रा की तैयारियों के दौरान डीजे की तेज आवाज को लेकर शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते हिंसक झड़पों में बदल गया। पत्थर चले, पुलिस ने लाठीचार्ज किया, आंसू गैस छोड़ी, चेतावनी के तौर पर फायरिंग हुई और आखिरकार गोलियां चलीं। तीन लोगों की मौत ने इस विवाद को स्थानीय घटना से उठाकर राष्ट्रीय संकट का रूप दे दिया।

नेपाल के जिस कसानगंज इलाके से इस हिंसा की शुरुआत हुई, वह भारत के बिहार से लगी खुली सीमा के बेहद करीब स्थित है। यह क्षेत्र सुनसरी जिले की देवानगंज ग्रामीण पालिका के अंतर्गत आता है, जहां हिंदू और मुस्लिम समुदाय दशकों से एक-दूसरे के पड़ोसी के रूप में रहते आए हैं। स्थानीय बाजार, स्कूल और सामाजिक जीवन दोनों समुदायों के बीच साझा रहे हैं। यही नजदीकी सामान्य दिनों में सामाजिक सौहार्द का प्रतीक बनती है, लेकिन तनाव की स्थिति में यही भौगोलिक निकटता छोटी-सी कहासुनी को भी कुछ ही घंटों में बड़े सांप्रदायिक टकराव में बदल देने का खतरा पैदा कर देती है। हम आपको यह भी बता दें कि स्थिति कुछ सामान्य होने पर प्रशासन ने चुनिंदा इलाकों में कर्फ्यू में ढील देना शुरू किया है। हालांकि कई संवेदनशील क्षेत्रों में प्रतिबंध अभी भी जारी हैं। अस्पताल, एंबुलेंस, दवा, दूध, ईंधन और आवश्यक सेवाओं को छूट दी गई है। इसी के साथ विभिन्न जिलों में शांति रैलियां निकाली जा रही हैं, ताकि दोनों समुदायों के बीच विश्वास बहाल किया जा सके। जनकपुर में सर्वदलीय बैठक आयोजित कर राजनीतिक दलों, धार्मिक नेताओं और सामाजिक प्रतिनिधियों को एक मंच पर लाने का प्रयास भी किया गया। उधर, इस मुद्दे पर लगातार आलोचना झेलने के बाद प्रधानमंत्री बलेंद्र शाह ने पहली बार राष्ट्र को संबोधित किया। उन्होंने हिंसा की निष्पक्ष जांच के लिए समिति गठित करने की घोषणा करते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का भरोसा दिलाया। उन्होंने नागरिकों से अफवाहों और नफरत फैलाने वाले संदेशों से बचने तथा केवल आधिकारिक सूचनाओं पर भरोसा करने की अपील की। सरकार ने मृतकों के परिजनों को दस-दस लाख नेपाली रुपये का मुआवजा देने और उन्हें शहीद घोषित करने की प्रक्रिया शुरू करने का भी वादा किया है। लेकिन सवाल केवल इतना नहीं है कि हिंसा कैसे भड़की। असली चिंता यह है कि नेपाल, जिसे लंबे समय तक धार्मिक सह-अस्तित्व का उदाहरण माना जाता था, वहां अब सामाजिक ध्रुवीकरण की घटनाएं अपेक्षाकृत अधिक दिखाई देने लगी हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि स्थानीय विवाद, सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहें, कमजोर प्रशासनिक प्रतिक्रिया, बेरोजगारी और समुदायों के बीच बढ़ता अविश्वास ऐसे हालात को और विस्फोटक बना रहे हैं। कुछ विशेषज्ञों ने यह भी कहा कि इस घटना को केवल हिंदू-मुस्लिम संघर्ष के रूप में देखना पर्याप्त नहीं होगा, क्योंकि इसके पीछे राजनीतिक, सामाजिक और संस्थागत कारण भी मौजूद हैं। दरअसल, नेपाल की तराई पहली बार बड़े पैमाने पर हिंसा का गवाह नहीं बनी है। वर्ष 2007 का गौर नरसंहार, कपिलवस्तु की जातीय हिंसा और 2015 की टीकापुर घटना इस क्षेत्र की संवेदनशील सामाजिक संरचना की याद दिलाती हैं। इन घटनाओं का स्वरूप धार्मिक नहीं था, बल्कि जातीय और राजनीतिक संघर्षों से जुड़ा था। लेकिन इन सभी घटनाओं में एक समानता स्पष्ट दिखती है कि बड़ी भीड़ रही, प्रशासन की देर से प्रतिक्रिया आई और स्थानीय तनाव ने तेजी से हिंसक रूप ले लिया। यही कारण है कि आज धार्मिक विवाद भी उसी संवेदनशील सामाजिक ढांचे में और अधिक विस्फोटक साबित हो रहे हैं। इसी संदर्भ में नेपाल में बढ़ते धार्मिक ध्रुवीकरण पर भी बहस तेज हो गई है। कुछ राजनीतिक समूह नेपाल की बदलती जनसांख्यिकीय और धार्मिक राजनीति को लेकर चिंता जता रहे हैं तथा इसे बढ़ते इस्लामी प्रभाव या पहचान-आधारित राजनीति से जोड़ रहे हैं, जबकि अन्य विशेषज्ञ इसे सामाजिक अविश्वास, आर्थिक निराशा तथा राजनीतिक ध्रुवीकरण का संयुक्त परिणाम मानते हैं। देखा जाये तो नेपाल इस समय धार्मिक पहचान की राजनीति के बढ़ते प्रभाव का सामना कर रहा है, जिससे सभी समुदायों के बीच तनाव बढ़ने का जोखिम पैदा हुआ है। हम आपको बता दें कि नेपाल की 2021 की जनगणना के अनुसार मुस्लिम आबादी राष्ट्रीय स्तर पर लगभग 5 प्रतिशत है, लेकिन मधेश और तराई के कई सीमावर्ती जिलों में उनकी हिस्सेदारी राष्ट्रीय औसत से कहीं अधिक है। सुनसरी, धनुषा, रौतहट, पर्सा और सराही जैसे जिले भारत की खुली सीमा से जुड़े हैं, जहां वर्षों पुराने पारिवारिक, वैवाहिक और व्यापारिक रिश्ते बिहार तथा उत्तर प्रदेश से जुड़े हुए हैं। यही कारण है कि सीमा के दोनों ओर पैदा होने वाले सामाजिक या सांप्रदायिक तनाव एक-दूसरे को प्रभावित करने की क्षमता रखते हैं। भारत के लिए चुनौती केवल सीमा सुरक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि अफवाहों, कट्टरपंथी प्रचार, संगठित उकसावे और सोशल मीडिया के माध्यम से फैलने वाले दुष्प्रचार पर भी समान रूप से नजर रखना आवश्यक होगा। भारत के लिए यह घटनाक्रम विशेष महत्व रखता है क्योंकि हिंसा प्रभावित अधिकांश जिले भारतीय सीमा से लगे हुए हैं। बिहार और उत्तर प्रदेश से सटी खुली भारत-नेपाल सीमा दोनों देशों की सबसे बड़ी ताकत भी है और संवेदनशीलता भी।

यदि नेपाल में सांप्रदायिक तनाव लंबे समय तक बना रहता है तो उसका असर सीमा पार सामाजिक संबंधों, व्यापार, सुरक्षा और खुफिया चुनौतियों पर भी पड़ सकता है। भारत को नेपाल के साथ सुरक्षा समन्वय, सीमा पर सतर्क निगरानी, अफवाहों और कट्टरपंथी प्रचार पर नजर तथा स्थानीय प्रशासन के बीच बेहतर सूचना साझाकरण को और मजबूत करना होगा। नेपाल फिलहाल हिंसा की आग को बुझाने की कोशिश कर रहा है, लेकिन वास्तविक चुनौती केवल कर्फ्यू हटाने की नहीं, बल्कि टूटते सामाजिक विश्वास को फिर से जोड़ने की है। यदि राजनीतिक नेतृत्व, प्रशासन और समाज मिलकर समय रहते इस संकट का स्थायी समाधान नहीं खोजते, तो यह घटना भविष्य में और बड़े सामाजिक टकरावों की चेतावनी साबित हो सकती है।

आज का राशिफल

मेष
यात्रा मनोनुकूल मनोरंजक तथा लाभप्रद रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति संभव है। व्यापार-व्यवसाय से मनोनुकूल लाभ होगा। घर-बाहर सफलता प्राप्त होगी। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। काम में लगन तथा उत्साह बने रहेंगे। मित्रों के साथ प्रसन्नतापूर्वक समय बीतेगा।

वृष
स्थायी संपति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। आय में वृद्धि तथा उन्नति मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। पार्टनरों का सहयोग समय पर प्राप्त होगा। यात्रा की योजना बनेगी। घर-बाहर कुछ तनाव रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

मिथुन
दु:खद सूचना मिल सकती है, धैर्य रखें। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें। बेकार की बातों पर ध्यान न दें। अपने काम पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी।

कर्क
घर-बाहर प्रसन्नतादायक वातावरण रहेगा। नौकरी में चैन महसूस होगा। व्यापार से संतुष्टि रहेगी। संतान की चिंता रहेगी। प्रतिद्वंद्वी तथा शत्रु हानि पहुंचा सकते हैं। मित्रों का सहयोग व मार्गदर्शन प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। यात्रा की योजना बनेगी। प्रसन्नता रहेगी।

सिंह
भूले-बिसरे साथी तथा आगंतुकों के स्वागत तथा सम्मान पर व्यय होगा। आत्मसम्मान बना रहेगा। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। बड़ा काम करने का मन बनेगा। परिवार के सदस्यों की उन्नति के समाचार मिलेंगे। प्रसन्नता रहेगी। किसी व्यक्ति की बातों में न आएं, लाभ होगा।

कन्या
पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बनेगा। स्वादिष्ट व्यंजनों का लाभ मिलेगा। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल रहेंगे। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। काम में मन लगेगा। शेयर मार्केट में लाभ रहेगा। नौकरी में सुविधाएं बढ़ सकती हैं। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धन प्राप्ति सुगमता से होगी।

तुला
नई योजना लागू करने का श्रेष्ठ समय है। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक कार्य सफल रहेंगे। मान-सम्मान मिलेगा। कार्यसिद्धि होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। घर-बाहर प्रसन्नता का माहौल रहेगा। पारिवारिक सहयोग प्राप्त होगा। बड़ा कार्य करने का मन बनेगा।

वृश्चिक
किसी जानकार प्रबुद्ध व्यक्ति का सहयोग प्राप्त होने के योग हैं। तंत्र-मंत्र में रुचि रहेगी। किसी राजनयिक का सहयोग मिल सकता है। लाभ के दरवाजे खुलेंगे। चोट व दुर्घटना से बचें। व्यस्तता रहेगी। थकान व कमजोरी महसूस होगी। विवाद से बचें। धन प्राप्ति होगी। प्रमाद न करें।

धनु
स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चोट व दुर्घटना से बचें। आय में कमी रह सकती है। घर-बाहर असहयोग व अशांति का वातावरण रहेगा। अपनी बात लोगों को समझा नहीं पाएंगे। ऐश्वर्य के साधनों पर बड़ा खर्च होगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। हितैषी सहयोग करेंगे। धनार्जन संभव है।

मकर
प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। किसी वरिष्ठ व्यक्ति के सहयोग से कार्य की बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। परिवार के लोग अनुकूल व्यवहार करेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। नए लोगों से संपर्क होगा। आय में वृद्धि तथा आरोग्य रहेगा। चिंता में कमी होगी। जल्दबाजी न करें।

कुंभ
स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। बनते कामों में विघ्न आएंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे। जीवनसाथी से सामंजस्य बैठाएं। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें। बेवजह लोगों से मनमुटाव हो सकता है। बेकार की बातों पर ध्यान न दें। आय में निश्चितता रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

मीन
बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नौकरी में सुकून रहेगा। जल्दबाजी में कोई आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है। कानूनी अड़चन आ सकती है। विवाद न करें। व्यवसाय ठीक चलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता बनी रहेगी।

स्वास्थ्य समाचार

गर्दन की चर्बी को 15 दिनों में कम करते हैं यह योगासन

खूबसूरत दिखना हर महिला चाहती है और इसके लिए वह तमाम तरह के उपाय अपनाती है। लेकिन, डबल चिन और गर्दन पर जमा चर्बी से सुंदरता कम होने लगती है। इतना ही नहीं, इससे आत्मविश्वास भी कमजोर होने लगता है और उम्र भी ज्यादा दिखती है। गर्दन पर चर्बी मोटापे, मेटाबॉलिज्म में गड़बड़ी, खराब लाइफस्टाइल, अनहेल्दी डाइट, एक्सरसाइज की कमी आदि के कारण होती है। साथ ही, अगर आपका पोश्चर सही नही है, तो गर्दन के आस-पास की त्वचा समय के साथ लोच खोने लगती है और इस हिस्से में चर्बी जमा होने लगती है। ऐसे में आप रेगुलर एक्सरसाइज और सही डाइट से गर्दन की चर्बी से छुटकारा पा सकती हैं। इसके अलावा, सही पोश्चर को बनाए रखना जरूरी होता है ताकि आपकी समस्या बढ़े नहीं।

गर्दन की चर्बी के लिए भुजंगासन

इस योगासन को करने से शरीर की आकृति कोबरा की तरह हो जाती है, इसलिए इसे कोबारा पोज के नाम से भी जानते हैं। यह आसन पीठ के साथ-साथ चेहरे के लिए भी बहुत अच्छा है। इससे पीठ में स्ट्रेच आता है, पोश्चर में सुधार होता है और गर्दन की मसल्स मजबूत होती हैं, जिससे गर्दन की चर्बी कम होने लगती है।

भुजंगासन की विधि

- इस योगासन को करने के लिए पेट के बल लेट जाएं।
- हाथों को सिर के दोनों तरफ जमीन से टिकाकर रखें।
- अब हथेलियों को कंधों के बराबर ले जाएं।
- फिर, सांस लेते हुए हाथों को जमीन पर दबाते हुए शरीर को नाभि तक ऊपर की तरफ उठाएं।
- अब सबसे सिर, फिर चेस्ट और पेट वाले हिस्से को ऊपर उठाएं।
- सिर को ऊपर की तरफ स्ट्रेच करें।
- कुछ देर, इसी पोजिशन में रहें।

गर्दन की चर्बी के लिए उष्ट्रासन

उष्ट्रासन करने से न सिर्फ पेट की चर्बी को कम किया जा सकता है बल्कि, इससे गर्दन की चर्बी भी कम होती है। ऐसा इसलिए क्योंकि इसे करने से गर्दन की मसल्स में स्ट्रेच और मजबूती आती है।

उष्ट्रासन की विधि

- इसे करने के लिए सबसे पहले जमीन पर घुटने के बल बैठ जाएं।
- दोनों हाथों को हिप्स पर रखें।
- दोनों घुटनों को कंधों के समानांतर रखें।
- अब गहरी सांस लें।
- रीढ़ की निचली हड्डी पर प्रेशर डालें।
- इस दौरान पूरा प्रेशर नाभि पर महसूस होना चाहिए।

बालों पर नारियल तेल, नींबू और एलोवेरा लगाने के फायदे और तरीका

तेज धूप और बढ़ते प्रदूषण का असर त्वचा और बालों पर पड़ता है। तेज धूप की वजह से बालों में रूखापन आने लगता है। साथ ही प्रदूषण बालों को डैमेज करने का काम करता है। बालों की समस्या आज के समय में एक आम समस्या बन गई है। युवाओं में बालों की समस्या तेजी से बढ़ने लगी है। खराब डाइट और अनियमित लाइफस्टाइल भी इसकी मुख्य वजह है। बालों की समस्या को दूर करने के लिए आप कई तरह के ब्यूटी प्रोडक्ट का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन इनका लंबे समय तक इस्तेमाल करने से आपके बालों को नुकसान होता है। ऐसे में आप प्राकृतिक और घरेलू उपायों की मदद ले सकते हैं। इस लेख में आपको नारियल तेल, नींबू और एलोवेरा के उपयोग से बालों की समस्याओं को दूर करने के तरीके बताए गए हैं। इस प्राकृतिक तेल में विटामिन सी, फोलेट व साइट्रिक एसिड जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। इसके साथ एंटी बैक्टीरियल, एंटी फंगल और एंटी ऑक्सीडेंट्स गुण भी पाए जाते हैं। इस तेल से आप बालों की स्कैल्प को पोषित करने के साथ ही बालों की ग्रोथ को भी बेहतर कर सकते हैं।

स्कैल्प को इंफेक्शन मुक्त बनाएं : नारियल तेल, नींबू और एलोवेरा के हेयर मास्क में एंटीऑक्सीडेंट्स और एंटीइंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं। ये नैचुलर ऑयल सिर की स्कैल्प को इंफेक्शन मुक्त बनाने में सहायक है। इससे आपकी स्कैल्प की समस्याएं दूर होती है और आपके बालों की ग्रोथ तेजी से होने लगती है।

डैंड्रफ दूर करने में सहायक : बालों में डेड सेल्स एकत्रित होने से डैंड्रफ की समस्या होने लगती है। इस वजह से बालों का पोषण कम हो जाता है, और बाल समय से पहले ही टूटने व झड़ने लगते हैं। लेकिन नारियल तेल, नींबू और एलोवेरा के हेयर मास्क के नियमित इस्तेमाल से आप डैंड्रफ की समस्या को दूर कर सकते हैं। इससे स्कैल्प को मॉइस्चर मिलता है और बाल मजबूत व घने होते हैं।

बालों को सफेद होने से बचाए : पोषक तत्वों की कमी की वजह से बाल समय से पहले ही सफेद होने लगते हैं। इस समस्या को दूर करने के लिए आप नारियल तेल, नींबू और एलोवेरा से बने हेयर मास्क का उपयोग कर सकते हैं। इसमें विटामिन के, विटामिन ई व विटामिन के पाया जाता है, जो आपके बालों को समय से पहले सफेद होने से रोकता है। साथ ही सफेद हुए बालों को दोबारा से बढ़ने और प्राकृतिक रूप से सही बनाने में मदद करता है।

नारियल तेल, नींबू और एलोवेरा का तेल कैसे बनाएं

इस तेल को बनाने के लिए आप करीब 100 ग्राम नारियल तेल लें। इसके अलावा आप करीब एक से दो नींबू रस और दो से तीन चम्मच फ्रेश एलोवेरा जेल लें। इस बनाने के लिए आप एक बाउल में नारियल तेल लें। इसमें नींबू का रस और ऐलोवेरा का जेल मिला लें। सभी अच्छी तरह से मिक्स करने के बाद इसे तैयार हेयर मास्क को आप बालों की जड़ों पर मसाज करते हुए लगाएं। बालों की जड़ों पर लगाने के बाद बचे मास्क को पूरे बालों में लगा लें। इस पैक को रात भर बालों में लगा रहने दें। सुबह बालों को धों लें। यदि समय कम हो तो आप इस हेयर मास्क को दो से तीन घंटों बाद भी धो सकते हैं।

मैनीक्योर के बाद जरूरी है नाखूनों की देखभाल, नेल केयर के यह टिप्स

हाथों को खूबसूरत बनाए रखने के लिए लड़कियां मैनीक्योर करवाती हैं। मैनीक्योर करवाने से नाखून तो खूबसूरत लगते ही हैं, साथ ही हाथों पर जमा गंदगी और डेड स्किन सेल्स भी साफ हो जाती है। मैनीक्योर के दौरान नाखून के क्यूटिकल्स की भी सफाई की जाती हैं और नाखूनों को कटम फाइल और पॉलिश भी किया जाता है। लेकिन कई बार महंगे मैनीक्योर करवाने के कुछ दिनों के बाद ही हाथ और नाखून खराब होने लगते हैं। दरअसल, हाथों में मैनीक्योर करवाने के बाद नाखूनों को खास देखभाल की जरूरत होती है।

पोषण है जरूरी : मजबूत नाखूनों के लिए आपको पोषण से भरपूर डाइट लेनी चाहिए। नाखूनों को स्वस्थ और मजबूत बनाने के लिए विटामिन बी, ई, डी, प्रोटीन, कैल्शियम और फाइबर जैसे पोषक तत्व जरूरी होते हैं। इसके लिए आपको अपनी डाइट में हरी सब्जियां, फल, दालें, दूध, दही, अंडे आदि शामिल करने चाहिए।

नमक के पानी से करें सफाई : मैनीक्योर के बाद नाखूनों को साफ रखना बहुत जरूरी है। ऐसे में आप अपने नाखूनों को साफ करने के लिए नमक वाले पानी का इस्तेमाल कर सकते हैं। नमक वाले पानी से हाथों को साफ करने से नाखूनों में जमा गंदगी साफ होगी और नाखून साफ-सुंदर दिखाई देंगे। इसके लिए एक लीटर पानी लें। इसमें चार से पांच चम्मच नमक डालें और अच्छी तरह से मिला लें। फिर 15 से 20 मिनट तक इसमे अपने हाथों को भिगो कर रखें। इसके बाद हाथों को सुखा लें और हैंड क्रीम लगा लें।

हाथों को मॉइस्चराइज करें : नाखूनों के आस-पास मौजूद क्यूटिकल बहुत जल्दी ड्राई हो जाते हैं और उन्हें अतिरिक्त मॉइस्चर की जरूरत होती है। नाखूनों के पास मौजूद स्किन पर मॉइस्चर लगाकर आप क्यूटिकल्स को प्रोटेक्ट कर सकते हैं। ऐसे में, हाथों को धोने के बाद किसी अच्छे मॉइस्चर या हैंड क्रीम को अपने हाथों पर लगाएं। इससे आपके हाथों की त्वचा की नमी बरकरार रहेगी।

ग्लव्स का इस्तेमाल करें : मैनीक्योर करवाने के बाद नाखूनों की खूबसूरती को बरकरार रखने के लिए घर का काम करते समय ग्लव्स का इस्तेमाल करें। दरअसल, मैनीक्योर करवाने के बाद हाथों की स्किन ज्यादा सेंसिटिव हो जाती है। ऐसे में डिटर्जेंट या साबुन में मौजूद केमिकल्स से हाथों और नाखूनों को नुकसान हो सकता है।

हाथों पर दबाव देने से बचें : अगर आपने मैनीक्योर करवाया है, तो अपने हाथों पर दबाव देने से बचें। हाथों या नाखूनों पर दबाव पड़ने से नाखून खराब हो सकते हैं। इसलिए अपने हाथों को सुखाने के लिए तौलिए से रगड़ें नहीं। हाथों को किसी मोटे तौलिए से थपथपाकर सुखाएं। मैनीक्योर करवाने के बाद हाथ से खाना खाने के बजाय चम्मच का इस्तेमाल करें।

पुराने सहपाठी मिले तो सम्मान की परंपरा भी निभाई, पहले लगाए पौधे

मित्रता दिवस पर सहपाठी समूह का छठा स्नेह मिलन आयोजित

निसं

डूंडलोद (नवयत्न)। मित्रता दिवस के अवसर पर रविवार को डूंडलोद के सामुदायिक भवन में रामचन्द्र गोयनका स्कूल पूर्व सहपाठी समूह (1967-1974) का छठा वार्षिक स्नेह मिलन एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में आंगनबाड़ी महिला पर्यवेक्षकों, कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं सहित शिक्षा, चिकित्सा, पत्रकारिता एवं सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों का सम्मान किया गया। समारोह की अध्यक्षता वरिष्ठ शिक्षक महावीर प्रसाद शर्मा ने की। मुख्य अतिथि शिक्षाविद डॉ. के.डी. यादव रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में नवलगढ़

सीडीपीओ संदीप कुमार, गोयनका हॉस्पिटल के मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. बी.बी. रावल तथा सेवानिवृत्त शारीरिक शिक्षक रामेश्वर लाल मौजूद रहे। अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद माल्यार्पण, दुपट्टा ओढ़ाकर और श्रीफल भेंट कर अतिथियों व सम्मानित अतिथियों का अभिनंदन किया गया। समूह के वरिष्ठ सदस्य विष्णुदत्त शर्मा ने स्वागत भाषण देते हुए समूह की सामाजिक गतिविधियों की जानकारी दी। समारोह में कस्बे के विभिन्न शिक्षण संस्थानों के संस्थान प्रधानों, पत्रकारों और अन्य विशिष्ट जनों को भी स्मृति-चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन मुकेश पारीक ने किया, जबकि शंकरलाल शर्मा ने आभार व्यक्त किया। शेरसिंह धाभाई के नेतृत्व में राष्ट्रगान के साथ समारोह का समापन हुआ।

पहले पौधारोपण, फिर सम्मान समारोह

समारोह से पूर्व सहपाठी समूह के सदस्यों ने रतिबन जी आश्रम परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। समूह के सदस्यों ने अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल का संकल्प भी लिया।

5 वर्षों से सामाजिक सम्मान की परंपरा

पूर्व सहपाठी समूह पिछले पांच वार्षिक समारोहों में शिक्षक, पुलिस व अर्द्धसैनिक बल, डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ का सम्मान कर चुका है। इसके अलावा समूह वर्षभर पौधारोपण अभियान भी संचालित करता है।

राजस्थान पुलिस में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की नियुक्ति प्रक्रिया तेज

निसं

जयपुर (नवयत्न)। राजस्थान पुलिस में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सीधी भर्ती-2024 के अभ्यर्थियों के लिए राहत भरी खबर है। प्रशासनिक सुधार विभाग राजस्थान जयपुर से गैर अनुसूचित क्षेत्र के 527 तथा अनुसूचित क्षेत्र के 28 चयनित अभ्यर्थियों की सूची राजस्थान पुलिस को नियुक्ति के लिए प्राप्त हो चुकी है। पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा के निर्देशानुसार पुलिस मुख्यालय ने सभी जिलों से वर्गवार रिक्त पदों की जानकारी मांगी है। रिक्तियों का विवरण प्राप्त होते ही नियमानुसार नियुक्ति प्रक्रिया पूरी की जाएगी। भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार अग्रवाल ने बताया कि सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूरी होने के बाद सितंबर 2026 के प्रथम सप्ताह तक चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति दिए जाने की कार्रवाई जारी है। अग्रवाल ने बताया कि विभाग स्तर पर नियुक्ति प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करने के प्रयास किए जा रहे हैं ताकि चयनित अभ्यर्थियों को जल्द से जल्द पदस्थापन मिल सके।

251 पार्थिव शिवलिंगों का महारुद्राभिषेक

भोलेनाथ की आराधना में डूबी छोटी काशी

निसं

जयपुर (नवयत्न)। सावन माह में राजधानी जयपुर रविवार को शिवभक्ति में सराबोर रही। सीकर रोड स्थित एक गार्डन में श्री शिव महापुराण कथा समिति के तत्वावधान में 19वां सामूहिक 251 पार्थिव शिवलिंग पूजन एवं महारुद्राभिषेक श्रद्धा और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संपन्न हुआ। देश की सुख-समृद्धि, अच्छी वर्षा और जनकल्याण की कामना के साथ आयोजित अनुष्ठान में 251 यजमान दंपतियों ने पार्थिव शिवलिंग का पूजन एवं रुद्राष्टाध्यायी मंत्रों से अभिषेक किया। समिति के महामंत्री अरुण खटोड़ ने बताया कि अनुष्ठान देशवासियों की उन्नति, खुशहाली और अच्छी वर्षा के संकल्प के साथ आयोजित किया गया। वहीं समिति के अध्यक्ष पंडित सुरेश शास्त्री ने कहा कि कलयुग में पार्थिव शिवलिंग का पूजन एवं अभिषेक विशेष फलदायी माना गया है। अनुष्ठान में हरिद्वार से लाए गए गंगाजल तथा 108 दुर्लभ जड़ी-बूटियों से भगवान शिव का महारुद्राभिषेक किया गया। उन्होंने बताया कि समिति वर्ष 2008 से लगातार इस आयोजन का आयोजन कर रही है। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह गाजे-बाजे के साथ निकली कलश यात्रा से हुई। इसके बाद विधिवत पूजन, महारुद्राभिषेक और महाआरती संपन्न हुई। संयोजक अर्जुन राठौड़ ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के लिए सभी यजमानों को तुलसी के पौधे वितरित किए गए। कोषाध्यक्ष चंद्रप्रकाश खंडेलवाल ने बताया कि अनुष्ठान के बाद सभी पार्थिव शिवलिंगों का विधिवत विसर्जन के लिए हरिद्वार भेजा जाएगा, जहां उनका गंगा नदी में विसर्जन किया जाएगा। कार्यक्रम में जयपुर शहर सांसद मंजू शर्मा, पूर्व सांसद रामचरण बोहरा, पूर्व महापौर ज्योति खंडेलवाल सहित अनेक संत, गणमान्य नागरिक और श्रद्धालु मौजूद रहे। सांसद मंजू शर्मा ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन सनातन संस्कृति को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम हैं तथा समाज में आस्था और आध्यात्मिक चेतना का संचार करते हैं। उन्होंने देश और प्रदेश की खुशहाली एवं समृद्धि की कामना की।

संगीतमय नानी बाई रो मायरो कथा का शुभारंभ

निसं

जयपुर (नवयत्न)। सावन मास के पावन अवसर पर मुरलीपुरा की रामेश्वरम धाम कॉलोनी स्थित गौड़ विप्र समाज भवन में रविवार से तीन दिवसीय संगीतमय नानी बाई रो मायरो कथा का श्रद्धापूर्वक शुभारंभ हुआ। कथा के शुभारंभ अवसर पर रामेश्वर धाम कॉलोनी विकास समिति के अध्यक्ष अशोक साह ने मुख्य यजमान के रूप में विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर आयोजन का शुभारंभ कराया। व्यासपीठ से साध्वी नीतू तिवारी श्रीजी ने कथा के प्रथम दिवस भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति, संत परंपरा एवं पारिवारिक संस्कारों पर आधारित प्रेरणादायी प्रसंगों का भावपूर्ण एवं संगीतमय वर्णन किया। उन्होंने कहा कि परिवार के रिश्ते अत्यंत नाजुक होते हैं और इन्हें प्रेम, विश्वास तथा आपसी सम्मान से सहेजना चाहिए। यदि सास अपनी बहू को बेटी और बहू अपनी सास को मां का सम्मान दे तो परिवार की अधिकांश समस्याओं का सहज समाधान हो सकता है। कथा के दौरान प्रस्तुत भजनों पर श्रद्धालु भावविभोर होकर भक्ति रस में सराबोर हो गए। आयोजन से जुड़े ऋषि राणा ने बताया कि कथा प्रतिदिन दोपहर ढाई बजे से शाम 6:15 बजे तक होगी। आयोजन के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए आसपास की कॉलोनियों में घर-घर जाकर आमंत्रण पत्र वितरित किए गए हैं, जिससे बड़ी संख्या में श्रद्धालु परिवार सहित कथा श्रवण के लिए पहुंच रहे हैं। उन्होंने बताया कि तीन दिवसीय आयोजन का समापन 4 अगस्त को वैदिक मंत्रोच्चार के बीच गायत्री महायज्ञ के साथ होगा। आयोजन समिति ने अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से कथा एवं महायज्ञ में सहभागिता कर धर्म लाभ लेने का आग्रह किया।

डॉ लीलाधर के कहानी संग्रह मिट्टी की कीमत का लोकार्पण

निसं

जयपुर (नवयत्न)। जन सम्पर्क मित्र समूह की ओर से रविवार को नारायण सिंह सर्किल स्थित जैन भट्टारक जी की नसियां परिसर में 16वें जनसम्पर्क कर्मी स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर साहित्यकार डॉ लीलाधर दोचानियां के कहानी संग्रह मिट्टी की कीमत का सेवानिवृत्त जनसम्पर्क अधिकारियों एवं कर्मियों ने लोकार्पण किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री के विशेषाधिकारी गोविन्द पारीक ने कहानी संग्रह की सराहना करते हुए कहा कि इसकी कहानियों में गांव की सौंधी मिट्टी की खुशबू और भारतीय संस्कारों की झलक है। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को अपनी मिट्टी से जुड़ा रहना चाहिए क्योंकि यही हमारी वास्तविक पूंजी है। इस अवसर पर उन्होंने डॉ लीलाधर का शॉल ओढ़ाकर सम्मान भी किया। सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के पूर्व अतिरिक्त निदेशक गोपाल शर्मा ने कहा कि डॉ लीलाधर ने सरल और सहज भाषा में ग्रामीण जनजीवन को प्रभावी ढंग से चित्रित किया है। उन्होंने कहा कि उनकी पूर्व कृति जिंदगी मुस्कुराती रहे के बाद मिट्टी की कीमत गांव की संवेदनाओं और संस्कृति को समेटे हुए है। प्रसिद्ध लेखिका एवं विभाग की पूर्व अतिरिक्त निदेशक अलका सक्सेना ने कहा कि लेखक ने गांव के परिवेश और अनुभवों को पूरी ईमानदारी से शब्द दिए हैं। उनके अनुसार मिट्टी केवल धरती नहीं बल्कि हमारी पहचान, संस्कृति और संस्कारों का आधार है। प्रसिद्ध रंगकर्मी एवं जनसम्पर्क विभाग के सेवानिवृत्त संयुक्त निदेशक ईश्वर दत्त माथुर ने कहा कि डॉ लीलाधर की कहानियां ग्रामीण जीवन, संघर्ष, बेरोजगार युवाओं की पीड़ा और सामाजिक मूल्यों का जीवंत चित्रण प्रस्तुत करती हैं। कार्यक्रम में वरिष्ठ जनसम्पर्क कर्मी यादवेन्द्र सेन, रूपसिंह कविया, गणपत नारोलिया, वीना करमचंदानी, रेणु जुनेजा, रवि गोस्वामी एवं राजेन्द्र शर्मा सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन गोविन्द शर्मा ने किया तथा अंत में राजेन्द्र शर्मा ने आभार व्यक्त किया। मित्रता दिवस के अवसर पर डॉ लीलाधर ने सभी अतिथियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर शुभकामनाएं भी दीं।

पर्यावरण मित्र सम्मान और योग फॉर एथलीट्स पुस्तक का विमोचन आज

निसं

श्रीमाधोपुर (नवयत्न)। रोटरी क्लब श्रीमाधोपुर सनराइज द्वारा सोमवार को दोपहर 3 बजे से चौधरी नाथूराम भामू रोटरी भवन में पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने वाले कर्मयोगियों का सम्मान और योग गुरु सुनील धींवा गुंगारा द्वारा लिखित पुस्तक योगा फॉर एथलीट्स का विमोचन किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक डॉ माधव सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण के लिए काम कर रहे व्यक्तियों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में अनेक गणमान्य लोग शामिल होंगे।

श्रावणी पूजा के पांचवे दिन बील जूस से अभिषेक व मसूर दाल से सहस्त्रसन किया

निसं

नोखा (नवयत्न)। तहसील परिसर स्थित अर्केश्वर महादेव मंदिर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान महादेव के प्रिय पवित्र श्रावण मास में अर्केश्वर मंदिर परिवार द्वारा मंदिर व्यवस्थापक लालचन्द उपाध्याय के सानिध्य एवं दो विद्वान पंडितों बलराम कठातला व मधु सुदन कठातला द्वारा विधि विधान एवं मंत्रोचार के साथ करवाई जा रही श्रावणी पूजा में पांचवे दिन रविवार को भगवान महादेव के बील जूस से अभिषेक और मसूर दाल से सहस्त्रसन किया गया। भगवान महादेव को विभिन्न द्रव्यों गंगाजल, इत्र जल, दुग्ध, पंचामृत, चंदन जल, विजया, जल आदि से भी अभिषेक सहित

विभिन्न वस्तुओं बेलपत्र, धतुरा, आक पुष्पों सहित विभिन्न प्रकार के पुष्पों, विजया, दूध, घृत, अबीर, गुलाल, चन्दन, फल आदि भगवान की प्रिय सामग्रियों से पूजा अर्चन करके घर परिवार और राष्ट्र की खुशहाली की कामना की गई। समिति के इन्दचन्द मोदी ने बताया कि अर्केश्वर महादेव परिवार की टीम के दिनेशसिंह राजपुरोहित की अगुवाई में हो रही पूजा में मोहित जोशी, ओमप्रकाश राठी, ओमप्रकाश पारीक, मदन जोशी, इन्दचन्द मोदी, जयकरण चारण, विजय मारू, अनिल पारीक, नवरतन सोनी, प्रवीण भूरा, राजू पनवाड़ी, गोपाल मालाणी, राधे सोनी, मालचन्द सेवग, राजाराम बिश्नोई, बाबू लाल साध, ब्रह्म प्रकाश तंवर, आनंद दैया, घनश्याम छींपा, उमेश राठी सहित टीम के सदस्यों ने भक्ति भाव से भगवान महादेव की विशेष पूजा का आनंद लिया। ज्ञात रहे इससे पूर्व चौथे दिन शनिवार को भगवान महादेव के 15 किलो सरसों तेल का अभिषेक व काले तिलो से सहस्त्रसन किया गया। पूजा का समय शाम 5 बजे से रात्रि करीब 9 बजे तक रहता है।

मित्र एकता दिवस पर एक पेड़ जिंदगी के नाम किया पौधरोपण

बीकानेर (नवयत्न)। रविवार को राष्ट्रीय मित्र एकता दिवस पर सर्व समाज मित्र एकता सेवा समिति के द्वारा एक पेड़ जिंदगी के नाम श्रीगंगानगर रोड़ मार्ग स्थित अनाज मंडी के पिछे सर्वसमाज के मोक्ष धाम परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। मित्रता और एकता का संदेश देने के लिए संरक्षक सुनील दत्त नागल के नेतृत्व में पौधे लगाए गए। इस अवसर पर सेवा समिति के पदाधिकारी सैय्यद अख्तर, दिलीप गुप्ता, विजय शंकर गहलोत, शाकिर हुसैन चौपदार, देवेश भाटी, रामकिशन महाराज, रामकिशोर यादव सहित समिति के अन्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर सुनील दत्त नागल ने बताया कि समिति का उद्देश्य पर्यावरण को हरा-भरा बनाना और आम लोगों के बीच प्रेम व एक बढ़ाने का है। दिलीप गुप्ता ने बताया कि भास्कर के सहयोग से हम मित्रों ने मिलकर पौधों को मुक्ति धाम श्मसान भूमि में लगाया है। इस अवसर पर समिति के सैय्यद अख्तर ने पौधों की देखभाल करने की जिम्मेदारी ली।

लायंस क्लब झुंझुनूं जीवन को मिला अंतर्राष्ट्रीय चार्टर

संजय सोनी

झुंझुनूं (नवयत्न)। लायंस क्लब झुंझुनूं जीवन को अंतरराष्ट्रीय लायंस संगठन का चार्टर मिल गया है। रविवार को फतेहपुर के मयूर होटल में आयोजित समारोह में निर्वतमान प्रांतपाल एमजेएफ लायन सुधीर वाजपेयी ने क्लब अध्यक्ष एमजेएफ लायन डॉ. मुकेश एस. मूंड को अंतरराष्ट्रीय चार्टर प्रदान किया। समारोह में पीडीजी एमजेएफ लायन नितिन मांगलिक, क्लब सचिव एमजेएफ लायन ओमप्रकाश मूंड, कोषाध्यक्ष लायन रामअवतार सिंह रेसवाल, स्पॉन्सर क्लब फतेहपुर शेखावाटी के अध्यक्ष एमजेएफ लायन सुरेश जाखड़, सचिव एमजेएफ लायन डॉ. दलीप सिंह, पूर्व जोन चेयरपर्सन लायन रीता चौधरी, लायन मंजू जाखड़ और जोन चेयरपर्सन लायन हेमेंद्र तिवाड़ी मौजूद रहे। इस दौरान क्लब के अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष को लायंस पिन लगाकर सम्मानित भी किया गया। चार्टर मिलने पर क्लब पदाधिकारियों और सदस्यों ने खुशी जताई। उन्होंने कहा कि इससे क्लब को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिलेगी और अब शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण तथा मानव सेवा के क्षेत्र में और अधिक प्रभावी ढंग से सेवा कार्य किए जाएंगे।

तेजाजी मंदिर के लिए 51 हजार और निर्माण सामग्री देने की घोषणा

तेजा भक्त सुनील पूनियां का सम्मान

निलेश मुद्गल

झुंझुनूं (नवयत्न)। क्यामसर में निर्माणाधीन तेजाजी महाराज मंदिर के लिए 51 हजार रुपए नकद और निर्माण सामग्री देने की घोषणा करने पर तेजा भक्त सुनील पूनियां का राष्ट्रीय जाट महासंघ ने सम्मान किया। महासंघ के पदाधिकारियों ने उन्हें साफा पहनाकर और फूलमाला से स्वागत किया। सोती बुडाना गांव निवासी एवं वर्तमान में झुंझुनूं शहर के रहने वाले सुनील पूनियां पुत्र बजरंग लाल पुनियां ने मंदिर निर्माण में सहयोग की घोषणा की। इस अवसर पर राष्ट्रीय जाट महासंघ के जिला उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद लोयल, शहर ब्लॉक अध्यक्ष सूबेदार विजय सिंह बेनीवाल, ब्लॉक प्रभारी सुभाषचंद्र पूनियां और ब्लॉक उपाध्यक्ष बृजलाल लोयल मौजूद रहे। पदाधिकारियों ने बताया कि जनसहयोग से क्यामसर में तेजाजी महाराज का भव्य मंदिर निर्माणाधीन है। मंदिर का शिखर 165 फीट ऊंचा प्रस्तावित है और इसे देश के सबसे ऊंचे तेजाजी मंदिरों में शामिल करने का लक्ष्य है। मंदिर निर्माण के लिए समाज के लोग तन, मन और धन से सहयोग कर रहे हैं।

खाली सरकारी भूमि पर उगाई जा रही गांजे की 40 किलो से अधिक पौधे की फसल जब्त

निसं

जयपुर (नवयत्न)। हरमाड़ा थाना पुलिस ने मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्राम बिचपड़ी में खाली आबादी भूमि पर उगाई जा रही अवैध गांजे की फसल का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने मौके से 48 हरे-गीले गांजे के पौधे जब्त किए, जिनका शुद्ध वजन 40 किलो 384 ग्राम निकला। मामले में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम प्रशांत किरण ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राजेश गुप्ता, सहायक पुलिस आयुक्त चौमूं अंजू यादव तथा हरमाड़ा

थानाधिकारी नरेन्द्र भड़ाना के निर्देशन में गठित विशेष टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम बिचपड़ी स्थित जगदीश मंदिर के पास खाली पड़ी आबादी भूमि पर संदिग्ध पौधे उगाए गए हैं। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में सभी 48 पौधे गांजे के पाए गए। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की लेकिन खेती करने वाले व्यक्ति की पहचान नहीं हो सकी। राजस्व रिकॉर्ड की जांच में भूमि गांव की सार्वजनिक खाली आबादी भूमि होना सामने आया। इसके बाद पुलिस ने सभी पौधों को उखाड़कर जब्त कर लिया। प्रारंभिक जांच में पुलिस का मानना है कि इतनी बड़ी मात्रा में गांजे की खेती किसी सुनियोजित नेटवर्क द्वारा अवैध तस्करी और क्षेत्र में नशे का जाल फैलाने के उद्देश्य से की जा रही थी। हरमाड़ा थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि अवैध खेती के पीछे कौन लोग शामिल हैं, उन्हें संरक्षण किसका मिल रहा था और गांजे की आपूर्ति किन क्षेत्रों में की जानी थी।

बारिश की फुहारों के बीच उल्लास से सजा लहरिया-2026

हर्ष सोनी

झुंझुनू (नवयत्न)। सावन की हल्की फुहारों और खुशनुमा मौसम के बीच जिला मुख्यालय स्थित जमुना रिसोर्ट में स्त्री शक्ति समूह की ओर से आयोजित लहरिया-2026 रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम उत्साह और उमंग के साथ संपन्न हुआ।

आलम ज्वैलर्स कार्यक्रम के मुख्य स्पॉन्सर थे। जबकि अभिनंदन गारमेंट्स सहित अन्य भी सहयोगी के रूप में रहे। कार्यक्रम में शहर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में महिलाओं ने पारंपरिक लहरिया साड़ी, लहरिया लहंगा-चुन्नी, सूट और अन्य राजस्थानी परिधानों में भाग लेकर सावन के रंग बिखेर दिए। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक स्वागत के साथ हुई। बारिश की हल्की बूंदों के बीच महिलाओं ने जयपुर के प्रसिद्ध डीजे की धुनों पर जमकर नृत्य किया। फ्लोर डांस इन लहरिया कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा। जिसमें महिलाओं ने सामूहिक रूप से नृत्य कर पूरे माहौल को उत्साह से भर दिया। इसके अलावा विभिन्न फन गेम्स और मनोरंजक गतिविधियों ने भी सभी का खूब मनोरंजन किया। आयोजन के दौरान सावन में पीहर आई बेटियों और नई नवेली बहुओं का राजस्थानी परंपरा के अनुसार सिंधारा कर सम्मान किया गया। परिसर में लगाए गए पारंपरिक झूलों का महिलाओं ने भरपूर आनंद लिया। वहीं सावन थीम पर बनाए गए सेल्फी पॉइंट पर भी महिलाओं ने यादगार तस्वीरें खिंचवाई। स्वादिष्ट व्यंजनों से सजे फूड कॉर्नर ने भी सभी का ध्यान आकर्षित किया। इस अवसर पर महिला पुलिसकर्मियों ने महिलाओं को राज कॉप सिटिजन एप की जानकारी देते हुए इसकी उपयोगिता बताई। उन्होंने महिलाओं के मोबाइल फोन में एप डाउनलोड करवाकर इसके सुरक्षित एवं प्रभावी उपयोग की जानकारी भी दी। इस मौके पर डॉ मीना शेखावत, सुमन मील, ललित राठौड़, रविता झाझड़िया, डॉ शालू टीबड़ा, सुनीता टीबड़ा, डॉ शशि मरोलिया, संगीता पाटोदिया, मनीषा केडिया, सरोज बड़ाऊ, नैना शेखावत, सुनिता चौधरी, शशि नूनियां, मंजू कुमावत, डॉ प्रियंका बुडानिया सहित स्त्री शक्ति समूह की अनेक सदस्य व शहर की महिलाएं मौजूद थी। आयोजन का उद्देश्य महिलाओं को सामाजिक जुड़ाव, सांस्कृतिक संरक्षण और पारिवारिक मूल्यों को सशक्त करने का मंच उपलब्ध कराना रहा।

डेली हैबिट्स के कारण बढ़ सकता है आपका शुगर लेवल

शरीर को सही तरह से काम करने के लिए एनर्जी की जरूरत होती है। यह एनर्जी भोजन से मिलती है। खाना जब ब्रेकडाउन होता है, तो यह ग्लूकोज में बदलता है और शरीर को काम करने की एनर्जी प्रदान करता है। हालांकि, अगर शरीर में ब्लड शुगर लेवल बढ़ जाता है तो इससे भी आपको काफी समस्या हो सकती है। अमूमन हम यह मानते हैं कि बहुत अधिक मीठा खाने से ब्लड शुगर लेवल बढ़ता है। लेकिन यह पूरी तरह सच नहीं है। आपको शायद पता ना हो, लेकिन हमारी ऐसी कई डेली हैबिट्स होती है।

आधे घंटे से अधिक समय तक बैठे रहना

ब्लड शुगर लेवल को रेग्युलेट करने और डायबिटीज को मैनेज करने के लिए जरूरी होता है कि आप अपने लाइफस्टाइल को एक्टिव रखें। लेकिन अगर आप लंबे समय तक एक ही जगह पर बैठी रहती हैं तो इससे ब्लड शुगर लेवल के बढ़ने का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए, यह सलाह दी जाती है कि आप हर आधे घंटे के ब्रेक पर अपनी सीट से अवश्य उठें और हल्की चहलकदमी करें।

आर्टिफिशियल स्वीटनर का इस्तेमाल करना

आज के समय में लोग अपने शुगर काउंट को कम करने आर्टिफिशियल स्वीटनर का सेवन करते हैं। लेकिन नियमित रूप से आर्टिफिशियल स्वीटनर का इस्तेमाल करने से ब्लड शुगर लेवल बढ़ने का रिस्क अधिक रहता है। दरअसल आर्टिफिशियल स्वीटनर इंसुलिन रेसिस्टेंस और ब्लड शुगर लेवल को स्थिर रखने की शरीर की क्षमता पर अपना नेगेटिव इफेक्ट डालते हैं। इसलिए, अगर आप मीठा खाना चाहते हैं तो अधिक हेल्दी विकल्प जैसे शहद या गुड़

आदि का सेवन कर सकते हैं।

नाश्ता स्किप करने की आदत

सुबह के समय अधिकतर लोग बहुत अधिक जल्दबाजी में होते हैं। जिसके कारण वे अपना नाश्ता स्किप कर देते हैं। हालांकि, नाश्ता स्किप करना कई मायनों में अच्छा नहीं माना जाता है। यह आदत ना केवल आपकी मेटाबॉलिज्म को स्लो करती है और इससे वजन बढ़ने लगता है। वहीं, दूसरी ओर नाश्ता स्किप करने से ब्लड शुगर लेवल बढ़ जाता है। इसलिए, अगर आप अपने ब्लड शुगर लेवल को रेग्युलेट करना चाहते हैं तो उठने के बाद करीबन 40 मिनट के अंदर कुछ ना कुछ अवश्य खा लें।

हाई सैचुरेटिड फूड का सेवन करना

अमूमन यह माना जाता है कि सकता है। लेकिन जब टाइप 2 मधुमेह की बात आती है, तो ऐसे में हाई सैचुरेटिड फूड भी आपके शुगर लेवल को बढ़ा सकते है। 2017 में यूरोपीय जर्नल ऑफ न्यूट्रिशन में पब्लिश एक स्टडी में भी यह बात साबित हो चुकी है। अगर आप फैट फूड का सेवन करना चाहते हैं तो ऐसे में आप हेल्दी फैट्स नट्स, एवोकाडो या सॉल्मन आदि का सेवन करें।

बहुत अधिक तनाव लेना–आज के समय में हर व्यक्ति किसी ना किसी कारणवश तनावग्रस्त रहता है। आमतौर पर यह कहा जाता है कि तनाव का मेंटल हेल्थ पर बहुत बुरा असर पड़ता है। हालांकि, यह शरीर के लिए भी उतना ही खतरनाक है। बहुत अधिक तनाव लेने से शरीर में ब्लड शुगर लेवल बढ़ जाता है। इसलिए आप तनाव को कम करने के लिए कुछ उपाय अपनाएं।

स्किन की तमाम समस्याओं में बहुत फायदेमंद है जलकुंभी

जलकुंभी पानी में उगने वाला एक पौधा है जिसे लोग बेकार समझकर फेंक देते हैं। तालाब, नदी और झील आदि में जलकुंभी की पत्तियां आपको अक्सर देखने को मिल जाती होंगी। कुछ जगहों पर जलकुंभी की पत्तियों की सब्जी भी बनाई जाती है। इसमें मौजूद गुण और पोषक तत्वों के कारण इसे बहुत फायदेमंद माना जाता है। जलकुंभी को अग्रेजी में Watercress कहते हैं। पुराने जमाने में भी जलकुंभी का इस्तेमाल कई तरह की चीजों में किया जाता है।

आयुर्वेद में भी जलकुंभी के तमाम इस्तेमाल के बारे में बताया गया है। जलकुंभी का इस्तेमाल वजन कम करने से लेकर कई तरह की गंभीर बीमारियों में भी फायदेमंद होता है। स्किन में निखार लाने और कई समस्याओं को दूर करने में जलकुंभी बहुत फायदेमंद होता है। जलकुंभी में स्किन के लिए फायदेमंद कई पोषक तत्व पाए जाते हैं। जलकुंभी में मैंगनीज, फोलेट, कैल्शियम, थियामिन, विटामिन ई, सोडियम आदि पर्याप्त मात्रा में पाए जाते हैं। स्किन के लिए ये पोषक तत्व बहुत फायदेमंद होते हैं।

कोलेजन उत्पादन को बढ़ाने में उपयोगी

जलकुंभी में मौजूद गुण और पोषक तत्व कोलेजन उत्पादन बढ़ाने का काम करते हैं। इससे आपकी स्किन पर बढ़ती उम्र के कारण पड़ने वाले प्रभाव को कम करने में फायदा मिलता है। झुर्रियां, सुस्त स्किन और स्किन की रंगत ठीक करने में भी कोलेजन का बहुत रोल होता है। जलकुंभी की पत्तियों का साग या सब्जी खाने से आपको फायदा मिलता है।

एक्ने की समस्या में फायदेमंद :

मुहांसे और एक्ने की समस्या में जलकुंभी बहुत फायदेमंद होती है। जलकुंभी में विटामिन सी की पर्याप्त मात्रा होती है। एक्ने और मुहांसे की वजह से स्किन पर होने वाली परेशानियों को दूर करने का काम करते हैं। जलकुंभी की पत्तियों को स्किन पर लगाने या इसका सेवन करने से स्किन की सूजन कम होती है और नई कोशिकाओं को बढ़ाने का काम करते हैं।

सोरायसिस और एक्जिमा जैसी समस्या में फायदेमंद :

जलकुंभी में मौजूद गुण और पोषक तत्व सोरायसिस और एक्जिमा की समस्या में बहुत फायदेमंद होता है। इसमें फाइबर, विटामिन और खनिज की पर्याप्त मात्रा होती है। जलकुंभी में नाइट्रेट की भी मात्रा पायी जाती है जो मुहांसे, एक्जिमा और सोरायसिस की समस्या में मददगार होती है।

स्किन का ग्लो बढ़ाए

स्किन का ग्लो बढ़ाने में भी जलकुंभी का इस्तेमाल बहुत फायदेमंद होता है। जलकुंभी में मौजूद गुण और पोषक तत्व स्किन का ग्लो बढ़ाने और दाग-धब्बों से छुटकारा दिलाने में बहुत फायदेमंद होते हैं।

झुर्रियों को करे कम

जलकुंभी में मौजूद गुण स्किन पर पड़ने वाले एजिंग के प्रभाव को कम करने में बहुत फायदेमंद होते हैं। जलकुंभी में मौजूद गुण कोलेजन बढ़ाने का काम करता है। इससे आपकी स्किन पर मौजूद दाग-धब्बे और झुर्रियां कम होती हैं।

चेहरे पर लगाएं केले से बने ये फेस पैक, मिलेगी निखरी-बेदाग त्वचा

केले के स्वास्थ्य लाभों के बारे में तो आप अच्छी तरह से जानते होंगे। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि केला हमारी स्किन के लिए भी बहुत फायदेमंद होता है? जी हां, केले में मौजूद पोषक तत्व स्किन को हेल्दी और ग्लोइंग बनाने में मदद करते हैं। केले में विटामिन ए, विटामिन बी, विटामिन सी, पोटैशियम और एंटीऑक्सीडेंट्स जैसे तत्व भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। केले में मौजूद सिलिका, त्वचा में कोलेजन उत्पादन को बढ़ाने में मदद कर सकता है। केले से बने फेस पैक से स्किन की कई समस्याएं दूत होती हैं। इसके इस्तेमाल से चेहरे पर मौजूद दाग-धब्बे दूर होते हैं और त्वचा में निखार आता है।

ड्राई स्किन के लिए केला और शहद पैक

केला और शहद, दोनों ही स्किन के लिए काफी फायदेमंद हैं। केले में मौजूद विटामिन ए और पोटैशियम त्वचा को हाइड्रेट करने में मदद करते हैं। वहीं, शहद में मौजूद मॉइस्चराइज़िंग गुण भी त्वचा को ड्राई होने से बचाते हैं। इसमें मौजूद विटामिन ई त्वचा की रंगत को एक समान बनता है। केले और शहद का फेस पैक लगाने से चेहरे की डलनेस दूर होगी और त्वचा में नमी भी बनी रहेगी।

बनाने का तरीका

- केला और शहद का फेस पैक बनाने के लिए एक बाउल में एक केले को मैश कर लें।
- अब इसमें 1 चम्मच शहद डालें। दोनों को अच्छी तरह से मिक्स करें।
- इसे अपने चेहरे पर लगाएं और 15 मिनट बाद चेहरे को साफ पानी से धो लें।
- इस फेस पैक के इस्तेमाल से एंटी एजिंग के लक्षण कम होंगे और त्वचा की रंगत में भी सुधार होगा।

शहद, दूध और गुलाब जल फेस पैक

त्वचा के लिए शहद, कच्चा दूध और गुलाब जल का कॉम्बिनेशन बहुत फायदेमंद माना जाता है। कच्चे दूध में लैक्टिक एसिड मौजूद होता है, जो त्वचा को एक्सफोलिएट करता है। वहीं, गुलाब जल से त्वचा को फ्रेशनेस और ठंडक मिलती है। शहद में मौजूद एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-सेप्टिक गुणों से त्वचा संबंधी समस्याएं दूर होती है। इस फेस पैक के इस्तेमाल से त्वचा चमकदार और निखरी हुई बनती है।

बनाने का तरीका

- इस फेस पैक को बनाने के लिए आधा पका हुआ केला लें।
- इसमें 2 चम्मच कच्चा दूध, आधा चम्मच शहद और कुछ बूंदें गुलाब जल की मिलाएं।
- सामग्री को साथ में मिक्स करके एक गाढ़ा पेस्ट बना लें।
- इस फेस पैक को अपने चेहरे और गर्दन पर 15 मिनट तक लगाकर रखें।
- इसके बाद चेहरे को साफ पानी से धो लें।

मुंहासों के लिए केला, हल्दी और नीम फेस पैक

चेहरे के पिंपल्स दूर करने के लिए आप केले में नीम और हल्दी मिक्स करके लगा सकते हैं। नीम और हल्दी, दोनों में ही एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-फंगल गुण होते हैं। वहीं, केले में मौजूद फेनोलिक्स में भी एंटी-माइक्रोबियलगुण होते हैं। हल्दी त्वचा की सूजन को कम करने में भी मददगार है। इस फेस पैक के इस्तेमाल से चेहरे के मुहांसे और मुंहासों के निशान कम होंगे।

बनाने का तरीका

- इस फेस पैक को बनाने के लिए एक बाउल में आधा पका हुआ केला छिलके के साथ ही मैश कर लें।
- अब इसमें एक चम्मच नीम का पाउडर और आधा चम्मच हल्दी पाउडर मिलाएं।
- सभी सामग्री को अच्छी तरह मिलाएं और एक पेस्ट तैयार कर लें।
- इस फेस पैक को अपने पूरे चेहरे और गर्दन पर लगाएं।
- इसे 15 से 20 मिनट के लिए लगा रहने दें।
- फिर गुनगुने पानी से चेहरा धो लें।

झुर्रियों के लिए केला, नींबू और बेसन पैक

केले की तरह ही बेसन और नींबू भी स्किन के लिए बहुत फायदेमंद हैं। त्वचा संबंधी समस्याओं को दूर करने के लिए बेसन और नींबू का इस्तेमाल प्राचीन समय से किया जा रहा है। ये स्किन को एक्सफोलिएट करके त्वचा को चमकदार बनाते हैं। इससे एजिंग के लक्षणों को कम करने में मदद मिलती है। इससे त्वचा की रंगत भी साफ होती है। ये त्वचा की झुर्रियों को भी कम करता है।

बनाने का तरीका

- इस फेस पैक को बनाने के लिए आधा पका केला लें।
- इसमें एक चम्मच बेसन और आधा चम्मच नींबू का रस मिला लें।
- सभी चीजों को अच्छी तरह मिक्स कर लें।
- अब इस फेस पैक को अपने पूरे चेहरे और गर्दन पर 15-20 मिनट के लिए लगाएं।
- इसके बाद चेहरे को साफ पानी से धो लें।

गैस के कारण गले में हो सकती है दर्द की परेशानी ? कारण और बचाव के उपाय

गैस के कारण गले में दर्द या फिर जलन की परेशानी हो सकती है। यह बात सुनकर आपको शायद आश्चर्य हो, लेकिन यह बिल्कुल सही है। अगर आपको गैस की परेशानी होती है, तो सीने में जलन के साथ-साथ गले में दर्द भी हो सकता है। इसके अलावा गले में अन्य तरह की परेशानी या फिर लक्षण नजर आ सकते हैं।

गैस के कारण गले में दर्द या खराश के कारण

- गैस या फिर एसिड रिफ्लक्स के कारण गले में खराश या दर्द की परेशानी हो सकती है। यह काफी आम लक्षणों में से एक है। जब व्यक्ति को एसिड रिफ्लक्स की वजह से गले में दर्द होता है, तो उन्हें गले में गांठ जैसा महसूस हो सकता है।
- गैस के कारण गले के आसपास सूजन हो सकती है, जो क्रोनिक टॉन्सिलिटिस के रूप में हो सकता है। ऐसी स्थिति में गले में दर्द की परेशानी हो सकती है। पेट में गैस की मात्रा बढ़ने पर अन्नप्रणाली में कोशिकाओं को नुकसान पहुंचा सकता है, जिसके परिणामस्वरूप निगलने में कठिनाई होती है, जो दर्द का कारण बन सकता है
- एसिड के कारण अल्सर की स्थिति भी उत्पन्न हो सकती है, जिसकी वजह से दर्द का अनुभव होता है। इसे इरोसिव एसोफैगिटिस के रूप में जाना जाता है।

गैस के कारण गले में दर्द से कैसे करें बचाव

- भोजन को हिस्से में बांटे। दिन में कम से कम 3 से 4 बार छोटे-छोटे टुकड़ों में भोजन करें।
- सोते समय सिर को अधिक ऊपर उठाकर रखें, ताकि गले में गैस न पहुंच पाए।
- खाना खाने के बाद कम से कम 3 से 4 घंटे सोने से परहेज करें।



- साइट्रस जूस, अन्य अम्लीय पेय से परहेज करे।
- अनहेल्दी फैट को अपने आहार में शामिल न करें।
- कार्बोनेटेड, कैफीनयुक्त और मादक पेय से परहेज
- चॉकलेट अधिक मात्रा में न खाएं।
- अधिक टाइट कपड़े न पहनें।
- धूम्रपान का सेवन न करें।

पान की पत्तियों से बने हेयर मास्क से दूर करें बालों की समस्याएं, इस्तेमाल करने का तरीका

पान की पत्तियों का इस्तेमाल वैसे तो पान के रूप में चबाने में सबसे ज्यादा किया जाता है। लेकिन इसमें मौजूद गुणों की वजह से इसका इस्तेमाल कई समस्याओं और बीमारियों में भी किया जाता है। पान की पत्तियों में विटामिन सी समेत कई ऐसे पोषक तत्व और गुण मौजूद होते हैं, जो बालों की समस्याओं में बहुत फायदेमंद माने जाते हैं। पान की पत्तियों से बने हेयर मास्क का इस्तेमाल करने से बालों की कई समस्याएं दूर होती हैं। पान की पत्तियों को आयुर्वेद में औषधि के रूप में भी इस्तेमाल किया जाता है। इसका इस्तेमाल स्किन को बेहतर बनाने और स्किन से जुड़ी समस्याओं में भी किया जाता है।

बाल झड़ने की समस्या में उपयोगी : बाल झड़ने की समस्या में पान के पत्तों से बने हेयर मास्क का इस्तेमाल बहुत फायदेमंद होता है। इसमें मौजूद गुण और पोषक

तत्व बालों को मजबूत बनाते हैं और पर्याप्त पोषण देने का काम करते हैं। सप्ताह में दो से तीन बार इसका इस्तेमाल करने से बाल झड़ने की समस्या में बहुत फायदा मिलता है।

बालों की ग्रोथ बढ़ाने में फायदेमंद : पान की पत्तियों से बने हेयर मास्क का इस्तेमाल करने से बालों की ग्रोथ तेज होती है। इसकी पत्तियों में विटामिन सी, एल्केलाइड, फिनाइल, प्रोपेन और टैनिन जैसे कंपाउंड पर्याप्त मात्रा में होते हैं। पान की पत्तियों से बने हेयर मास्क को बालों में लगाने से बालों को पोषण मिलता है और विकास तेजी से होता है।

डैंड्रफ की समस्या में उपयोगी : डैंड्रफ की समस्या में पान की पत्तियों से बने हेयर मास्क का इस्तेमाल बहुत फायदेमंद होता है। इसमें मौजूद गुण बालों में और स्कैल्प में मौजूद गंदगी को साफ करके बालों में मौजूद डैंड्रफ को खत्म करने में बहुत फायदेमंद होते हैं।

बाल की जड़ें और स्कैल्प बनाएं हेल्दी : पान के पत्तों में मौजूद गुण बाल की जड़ों और स्कैल्प को हेल्दी बनाने में बहुत फायदेमंद होते हैं।

इनमें एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं। पान की पत्तियों से बने हेयर मास्क को बालों में लगाने से आपके बाल की जड़ें और स्कैल्प हेल्दी रहते हैं।

बालों को सफेद होने से बचाए : आज के समय में कम उम्र में ही बाल सफेद होने की समस्या ज्यादातर लोगों में देखी जा रही है। इस समस्या से बचने के लिए बालों में पान के पत्तों से बने हेयर मास्क को लगाना बहुत फायदेमंद होता है। पान की पत्तियों में मौजूद गुण बालों को सफेद होने और डैमेज होने से बचाते हैं।

महिला सुरक्षा संकल्प अभियान : हर जिले में जागरूकता रैली निकाल पहुंचा लाखों लोगों तक सुरक्षा का संदेश

निसं

जयपुर (नवयत्न)। पुलिस महानिदेशक पुलिस राजीव कुमार शर्मा के निर्देशन में चलाए जा रहे महिला सुरक्षा संकल्प अभियान के तहत प्रदेश के सभी जिलों में व्यापक जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। जागरूकता रैलियों, संवाद कार्यक्रमों और जनसंपर्क गतिविधियों के माध्यम से महिला सुरक्षा का संदेश लाखों नागरिकों तक पहुंचाया गया। अभियान के तहत जिला पुलिस अधीक्षकों ने महिला पुलिसकर्मियों, महिला बीट अधिकारियों और कालिका पेट्रोलिंग टीम के साथ संवाद कर उनके अनुभव, चुनौतियों और सुझावों पर चर्चा की। महिला सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए आवश्यक सुझाव भी लिए गए। इसके बाद प्रदेशभर में भव्य जागरूकता रैलियां निकाली गई, जिनमें स्कूली छात्र-छात्राओं, सुरक्षा सखी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, राजीविका समूह की महिलाओं, एएनएम, आशा सहयोगिनी, साथिन और विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतिभागियों ने महिला सुरक्षा और सम्मान से जुड़े संदेशों वाली तख्तियां और बैनर लेकर मुख्य बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर लोगों को जागरूक किया। कई जिलों में पैदल रैलियां निकाली गई, जबकि कई स्थानों पर वाहन रैलियों के जरिए जनसंपर्क किया गया। डीजीपी राजीव कुमार शर्मा ने बताया कि अभियान का उद्देश्य केवल जागरूकता फैलाना नहीं बल्कि समाज में महिलाओं के प्रति सम्मान, सुरक्षा और विश्वास का वातावरण मजबूत करना है। राजस्थान पुलिस जन सहभागिता के माध्यम से महिला सुरक्षा को जन आंदोलन का रूप देने के लिए लगातार प्रभावी गतिविधियां आयोजित कर रही है।

प्रेम प्रकाश सेवा मंडली ने 425 निर्धन परिवारों को बांटी राशन किट

निसं

जयपुर (नवयत्न)। मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है-इसी मूल मंत्र को चरितार्थ करते हुए जयपुर स्थित श्री अमरापुर स्थान और श्री प्रेम प्रकाश सेवा मंडली के तत्वावधान में रविवार को एक विशेष सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आचार्यश्री सद्गुरु स्वामी टेऊँराम महाराज के आशीर्वाद एवं हजारा हजूर पूज्य गुरुदेव सतगुरु स्वामी भगत प्रकाश महाराज की प्रेरणा से 425 निर्धन परिवारों को दैनिक उपयोग में आने वाली खाद्य एवं सामग्री किट वितरित की गई। गौरतलब है कि सेवा मंडली द्वारा प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को इस पुनीत कार्य का आयोजन किया जाता है। वितरित की गई राशन किट के अंतर्गत निर्धन परिवारों को जीवनोपयोगी वस्तुएं उपलब्ध कराई गई। इनमें मुख्य रूप से आटा, चावल, चीनी, मैदा, खाद्य तेल, मिर्च-मसालों के साथ ताजे फल, नारियल, ब्रेड, मिष्ठान एवं दैनिक गृह उपयोग के बर्तन का वितरण किया गया। संस्था से जुड़े संतों ने जानकारी देते हुए बताया कि आचार्य सद्गुरु स्वामी टेऊँराम महाराज की पावन शिक्षाओं का पालन करते हुए सेवा मंडल निरंतर समाज कल्याण के कार्यों में जुटा हुआ है। हाल ही में गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर भी श्री अमरापुर स्थान की ओर से जयपुर के विभिन्न कुष्ठ आश्रमों में प्रसाद स्वरूप फल, मिठाई और नारियल भिजवाए गए थे।

झुंझुनूं में वकीलो का विरोध तेज, कलेक्ट्रेट पर देंगे धरना

संजय सोनी

झुंझुनूं (नवयत्न)। गुढ़ा तहसील से जुड़े राजस्व मामलों की सुनवाई उदयपुरवाटी में किए जाने के सरकारी आदेश के विरोध में झुंझुनूं के वकीलों ने आंदोलन तेज कर दिया है। जिला अभिभाषक संघ ने सोमवार और मंगलवार को न्यायालयों का बहिष्कार कर कलेक्ट्रेट के सामने धरना देने का निर्णय लिया है। रविवार को जिला अभिभाषक संघ की बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर मांग की गई कि गुढ़ा तहसील का उपखंड झुंझुनूं मुख्यालय में ही यथावत रखा जाए। वकीलों का कहना है कि इससे क्षेत्र की जनता को सुविधा मिलेगी और उन्हें अनावश्यक परेशानी नहीं होगी। संघ के निर्णय के अनुसार 3 और 4 अगस्त को अधिवक्ता न्यायालयों में कार्य नहीं करेंगे और कलेक्ट्रेट परिसर के सामने धरना देकर विरोध दर्ज कराएंगे। आंदोलन के संचालन के लिए संघ अध्यक्ष रतन मोरवाल के नेतृत्व में संघर्ष समिति का गठन किया गया है। समिति में मदन सिंह गिल, भगवान सिंह शेखावत, सुभाष पूनियां, रणजीत सिंह, बिरजू सिंह शेखावत, संदीप महला और विकास महमिया को शामिल किया गया है। गौरतलब है कि राज्य सरकार ने हाल ही में गुढ़ागौड़जी तहसील से जुड़े सभी राजस्व मामलों की सुनवाई झुंझुनूं के बजाय उदयपुरवाटी उपखंड अधिकारी के समक्ष करने के आदेश जारी किए हैं। इसी फैसले के विरोध में अधिवक्ताओं ने आंदोलन का रास्ता चुना है।

जवाहर सर्किल में 4 हजार गुलाब और 3 हजार पौधों की आधुनिक नर्सरी बनेगी

निसं

जयपुर (नवयत्न)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में चल रहे हरियालो राजस्थान अभियान के तहत जयपुर विकास प्राधिकरण जवाहर सर्किल में रोज गार्डन, आधुनिक नर्सरी और अत्याधुनिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स विकसित करेगा। परियोजना के लिए निविदाएं जारी कर दी गई हैं। जयपुर विकास आयुक्त सिद्धार्थ महाजन ने बताया कि करीब 4000 वर्गमीटर क्षेत्र में रोज गार्डन विकसित किया जाएगा, जहां 4000 गुलाब लगाए जाएंगे। इनमें 3000 विभिन्न रंगों के ग्राफ्टेड गुलाब तथा 1000 देशी गंगानगर गुलाब शामिल होंगे। इसके अलावा 4000 वर्ग मीटर क्षेत्र में आधुनिक नर्सरी विकसित की जाएगी, जिसमें 32 प्रजातियों के लगभग 3000 पौधे लगाए जाएंगे। इनमें 2000 सजावटी और 1000 फलदार पौधे होंगे।

उन्होंने बताया कि जवाहर सर्किल में अत्याधुनिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स भी विकसित किया जाएगा, जिसमें विभिन्न खेल गतिविधियों के लिए आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इससे युवाओं और उभरती खेल प्रतिभाओं को बेहतर मंच मिलने के साथ शहरवासियों को फिटनेस और खेल सुविधाओं का लाभ मिलेगा। महाजन ने कहा कि जेडीए शहर में हरित आवरण बढ़ाने, जैव विविधता को प्रोत्साहित करने और बेहतर पर्यावरण उपलब्ध कराने के लिए लगातार कार्य कर रहा है। रोज गार्डन, आधुनिक नर्सरी और स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स से जवाहर सर्किल की सुंदरता बढ़ेगी और पर्यटन को भी नई पहचान मिलेगी।

37 पाक विस्थापित महिलाओं को मिला स्वरोजगार का संबल

निसं

जयपुर (नवयत्न)। सेवायाम संस्था की ओर से आयोजित समारोह में पाकिस्तान से विस्थापित 37 हिन्दू महिलाओं को स्वरोजगार के लिए नि:शुल्क ऑटोमैटिक सिलाई मशीनें वितरित की गई। कौशल प्रशिक्षण अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य पाक विस्थापित परिवारों के पुनर्वास और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना रहा। इस समारोह में कई महिलाओं ने पाकिस्तान में अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि वहां हिन्दू परिवारों, विशेषकर महिलाओं और बेटियों को भय व असुरक्षा के माहौल में जीवन बिताना पड़ता था। उन्होंने कहा कि भारत में उन्हें सम्मान, सुरक्षा और बच्चों के बेहतर भविष्य की उम्मीद मिली है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जयपुर प्रांत प्रचारक बाबूलाल ने परिवार व्यवस्था और सामाजिक संगठन को भारतीय संस्कृति की सबसे बड़ी शक्ति बताया। उन्होंने कहा कि समाज को सांस्कृतिक रूप से सशक्त और संगठित बनाए रखने की आवश्यकता है। अपने संबोधन में उन्होंने परिवार और सामाजिक रिश्तों को मजबूत करने पर बल देते हुए अधिक बच्चों के जन्म को लेकर भी टिप्पणी की। उन्होंने पाकिस्तान से आए परिवारों से भारत में सम्मान और आत्मविश्वास के साथ जीवन जीने का आह्वान किया। सेवायाम की संस्थापक एवं पूर्व महापौर डॉ सौम्या गुर्जर ने कहा कि संस्था का उद्देश्य केवल सहायता देना नहीं बल्कि जरूरतमंद परिवारों को आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने बताया कि संस्था लंबे समय से पाक विस्थापित हिन्दू परिवारों के पुनर्वास, महिला कौशल विकास, स्वरोजगार, शिक्षा और सामाजिक सशक्तिकरण के क्षेत्र में कार्य कर रही है। इससे पहले भी संस्था की ओर से महिलाओं को सिलाई मशीनें उपलब्ध कराई जा चुकी हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक सिलाई मशीन एक

महिला के आत्मसम्मान, रोजगार और परिवार के उज्ज्वल भविष्य की नई शुरुआत है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रताप राव, दृष्टदमन सिंह, करौली नगर परिषद के पूर्व सभापति राजाराम गुर्जर, हिन्दू शरणार्थी सेवा समिति के पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में पाक विस्थापित हिन्दू परिवार मौजूद रहे। अंत में 37 महिलाओं को सिलाई मशीनें वितरित की गईं। लाभार्थियों ने इसे सम्मानजनक आजीविका और आत्मनिर्भर जीवन की नई शुरुआत बताते हुए सेवायाम संस्था और हिन्दू शरणार्थी सेवा समिति का आभार जताया।

विष्णु धाम मंदिर में 21 पौधे लगाए, मानसून में 21 हजार पौधारोपण का लक्ष्य

सहयोग एक पहल संस्थान का अभियान : हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड के सहयोग से 11 हजार पौधे नि:शुल्क बांटे जाएंगे

मधु दहिया

सिंघाना (नवयत्न)। पर्यावरण संरक्षण की मुहिम को आगे बढ़ाते हुए सहयोग एक पहल संस्थान ने रविवार को विष्णु धाम मंदिर परिसर में सघन वृक्षारोपण अभियान चलाया। अभियान के तहत मंदिर परिसर में 21 फलदार और छायादार पौधे लगाए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता माली सैनी समाज संस्था, झुंझुनूं के अध्यक्ष महेंद्र शास्त्री ने की। संस्थान अध्यक्ष डी.पी. सैनी ने बताया कि इस मानसून में हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड, खेतड़ी नगर के सहयोग से 21 हजार से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके अलावा जल्द ही 11 हजार से अधिक पौधों का नि:शुल्क वितरण भी किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोग वृक्षारोपण अभियान से जुड़ सकें। उन्होंने बताया कि संस्था द्वारा पूर्व में लगाए गए 15 हजार से अधिक पौधे आज बड़े वृक्ष बन चुके हैं और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे रहे हैं। इस बार लगाए गए पौधों की देखभाल और संरक्षण की जिम्मेदारी पर्यावरण प्रेमी नागरमल सैनी को सौंपी गई है।

ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में संस्थान अध्यक्ष डी.पी. सैनी, महासचिव अजित जांगिड़, नागरमल सैनी, राजू गराटी, रणजीत सैनी, पार्षद अशोक कुमार, प्रशांत सैनी, रामप्रसाद, ऋषि, हवा सिंह, विशाल, कुलदीप, लोकित, भरत सहित अनेक पर्यावरण प्रेमी और समाजसेवी मौजूद रहे। सभी ने अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल का संकल्प लिया।

किरोड़ी धाम से कांवड़ लेकर निकले शिवभक्त, आज शिवालय में करेंगे जलाभिषेक

निसं

बुगाला (नवयत्न)। सावन के पवित्र महीने में भगवान शिव के प्रति श्रद्धा का उत्साह चरम पर है। रविवार को शिवभक्तों का एक जत्था किरोड़ी धाम से पवित्र जल की कांवड़ लेकर जाखल के लिए रवाना हुआ। श्रद्धालु सोमवार को सीएचसी के पास स्थित शिव मंदिर में भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करेंगे। कांवड़ यात्रा भगवान शिव के जयकारों के साथ शुरू हुई। पूरे रास्ते भक्त भजन-कीर्तन करते हुए भक्ति भाव में डूबे नजर आए। कांवड़िया संघ के अध्यक्ष हरिराम सोनी ने बताया कि यात्रा का उद्देश्य भगवान शिव का जलाभिषेक कर क्षेत्र में सुख, शांति और समृद्धि की कामना करना है। यात्रा में हेमंत सोनी, कुलदीप जांगिड़, पिंकेश, बहादुर सिंह, नितिन कुमार सहित बड़ी संख्या में शिवभक्त शामिल रहे। पूरे मार्ग में श्रद्धा और उत्साह का माहौल बना रहा।

उदयपुरवाटी फोटोग्राफर समिति का हुआ विस्तार, दीपक स्वामी बने अध्यक्ष

निसं

उदयपुरवाटी (नवयत्न)। उदयपुरवाटी फोटोग्राफर समिति की बैठक रविवार को दादू पार्क में सुरेश सैनी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में स्टूडियो कार्य के रेट, फोटोग्राफरों की समस्याओं के समाधान, समिति का रजिस्ट्रेशन कराने और नियमित मासिक बैठकें आयोजित करने जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई। इसके बाद सर्वसम्मति से समिति की कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। सांवरमल सैनी, ब्रह्मानंद सैनी, प्रभुदयाल कुमावत और प्रभुदयाल सैनी को संरक्षक बनाया गया। नई कार्यकारिणी में दीपक स्वामी को अध्यक्ष, सुरेश कुमार सैनी को उपाध्यक्ष, अनिल तंवर को मंत्री, अशोक कुमार सैनी को कोषाध्यक्ष, नरेंद्र कुमार चेजारा को संयुक्त मंत्री, हिमांशु कुमावत को सचिव और अनिल सैनी को मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में फोटोग्राफरों ने अपने सामने आ रही विभिन्न समस्याएं रखीं। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने सभी समस्याओं के समाधान के लिए मिलकर प्रयास करने का भरोसा दिलाया। बैठक में सांवरमल सैनी, प्रभुदयाल कुमावत, शिवा सैनी, विकास सैनी चिराना, विकास सैनी उदयपुरवाटी, सांवरमल सैनी, महेश सैनी, मनोज पवार कोटड़ी, गणेश कुमार, दीपक स्वामी, गोविंद सैनी, अभिषेक सोनी, अंकित सैनी, विजय, रमेश कुमावत, सुशील कुमावत, कमलेश सैनी, कृष्ण कुमावत सहित बड़ी संख्या में फोटोग्राफर मौजूद रहे।

नि:शुल्क चिकित्सा शिवर आयोजित

निसं

श्रीमाधोपुर (नवयत्न)। लायंस क्लब श्रीमाधोपुर द्वारा अपनी सामाजिक दायित्व को निभाते हुए रविवार को श्रीमाधोपुर में जयपुर हॉस्पिटल लाल कोठी जयपुर के सहयोग से ए-वन पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल श्रीमाधोपुर में नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श और शिविर का आयोजन किया गया । क्लब के सीताराम सैनी ने बताया कि शिविर में बीपी, शुगर और ईसीजी की नि:शुल्क जांच की गई तथा हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अधीर यादव और मेडिसिन के विशेषज्ञ डॉक्टर आशिश गुप्ता द्वारा नि:शुल्क परामर्श दिया गया। इस मौके पर हॉस्पिटल एवं विद्यालय के कर्मचारियों का विशेष सहयोग रहा। शिविर में क्लब के सीताराम सैनी, अनिल कुमार मारवाल, ललित कुमार सैनी, श्रीराम कुमावत, मनोज मालपनी, सागरमल सैनी, रमेश सैनी, विजय सैनी आदि ने सहयोग दिया।

भारत सरकार के पदाधिकारियों का किया स्वागत

निसं

सुजानगढ़ (नवयत्न)। वर्गीकरण के लिए दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में सुजानगढ़ के लोगों ने भी हिस्सा लिया है। निवर्तमान पार्षद रेंवतमल पंवार ने बताया कि दिल्ली में भारत सरकार के अनुसूचित जाति आयोग अध्यक्ष डॉ किशोर मकवाना, सफाई कर्मचारी आयोग भारत सरकार के उपाध्यक्ष हरदीपसिंह गिल, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग भारत सरकार के सदस्य डॉ पार्थ विश्वास, राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग भारत सरकार के सदस्य कर्म सिंह कर्मा का स्वागत रेंवतमल पंवार ने माल्यार्पण कर किया। पंवार के साथ संजय, बाबूलाल, भागचंद आदि भी इस दौरान मौजूद रहे।

महिला मित्र के घर छिपाते थे चोरी का माल

ज्वेलरी कारखाने से चुराए लाखों के गहने, 3 गिरफ्तार; नशेड़ी बन फुटपाथ पर सोने का करते थे नाटक

जयपुर।

जयपुर में ज्वेलरी कारखाने से लाखों रुपए के गहने चोरी करने वाले गिरोह का खोरा बीसल थाना पुलिस ने रविवार को खुलासा किया। पुलिस ने महिला मित्र समेत तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी के लाखों रुपए कीमत के गहने बरामद किए। जांच में सामने आया कि आरोपी चोरी के बाद अपनी महिला मित्र को बुलाकर गहने उसके घर छिपवा देते थे। पुलिस से बचने के लिए वे खुद फुटपाथ पर नशेड़ी बनकर सोने का नाटक करते थे, ताकि किसी को उन पर शक न हो। गिरफ्तार आरोपी लोकेश गवारिया (34) निवासी डबोक उदयपुर, राजू गवारिया (48) निवासी जहाजपुरा भीलवाड़ा हाल किशनबाग विद्याधर नगर और महिला मित्र इन्द्रा वर्मा (38) निवासी जेडीए कॉलोनी विद्याधर नगर है। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ में जुट गई है। पुलिस पूछताछ में गिरफ्तार आरोपियों से कई और खुलासे होने की संभावनाएं है।

मास्टर माइंड राजू के खिलाफ जयपुर-टोंक में करीब 16 केस दर्ज-डीसीपी (वेस्ट) प्रशांत किरण ने बताया- मास्टर माइंड राजू गवारिया के खिलाफ जयपुर और टोंक में करीब 16 आपराधिक प्रकरण दर्ज है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चुराए गए 11 किलो चांदी के गहने, बर्तन, सिल्ली के टुकड़े और गहने बनाने के काम आने वाली मटेरियल जस्ता व केडियम जब्त किया है।

रेकी के बाद करते वारदात, नेशड़ी बनकर रखते नजर-खोराबीसल के बोयतावाला निवासी लालचन्द स्वामी (42) ने रिपोर्ट दर्ज करवाई। उसने घर पर ही गहने बनाने का कारखाना खोल रखा है। रिपोर्ट में बताया कि 25 जुलाई की शाम को वह अपने गांव चूरू गया था। रात को लॉक तोड़कर बदमाश कारखाने से सोने के 30 ग्राम गहने, चांदी के 2 किलो बर्तन और कटिग 1.5 किलो, सिल्ली के टुकड़े 8.5 किलो चोरी कर ले गए।

वारदात के बाद फुटपाथ और पार्क में सोने का करते नाटक-डीसीपी (वेस्ट) प्रशांत किरण ने बताया कि सख्ती से पूछताछ करने पर दोनों संदिग्धों ने ज्वेलरी कारखाने में चोरी करना कबूल किया। फिर पुलिस ने दोनों आरोपी लोकेश गवारिया और राजू गवारिया को अरेस्ट किया। फिर चोरी का माल उनकी महिला मित्र इन्द्रा वर्मा के घर से बरामद किया और महिला को भी गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह रात के समय पैदल घूमकर रेकी करते और लॉक लगे मकानों को चोरी के लिए निशाना बनाते थे। वारदात को अंजाम देकर महिला मित्र को कॉल कर चुराया माल उसके घर पर छिपाने के लिए बुलाकर दे देते थे।

लोकसभा-विधानसभा में गद्दारी करने वालों को टिकट नहीं मिलेगा : खाचरियावास

जयपुर (नवयत्न)। आगामी नगर निगम एवं पंचायत राज चुनावों की तैयारियों को लेकर रविवार को सिविल लाइंस विधानसभा क्षेत्र में पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास की अध्यक्षता में कार्यकर्ता सभा एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। सभा को संबोधित करते हुए खाचरियावास ने कार्यकर्ताओं से वार्ड, बूथ और भाग संख्या स्तर पर संगठन को मजबूत करने, आमजन की समस्याओं को सुनने तथा कांग्रेस की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने नगर निकाय और पंचायत राज चुनावों की रणनीति पर भी विस्तार से चर्चा की। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश में भाजपा की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है और जनता बदलाव चाहती है। उन्होंने विश्वास जताया कि आगामी नगर निकाय एवं पंचायत राज चुनावों में कांग्रेस बेहतर प्रदर्शन कर बोर्ड बनाएगी। खाचरियावास ने कहा कि लोकसभा और विधानसभा चुनावों में पार्टी के साथ नहीं रहने वाले तथा बाद में कांग्रेस में शामिल हुए लोगों को तत्काल टिकट नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि कठिन समय में पार्टी के साथ खड़े रहने वाले कार्यकर्ताओं की निष्ठा और मेहनत का सम्मान किया जाएगा तथा नए लोगों को अपनी प्रतिबद्धता साबित करने के लिए समय देना होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर चुनाव मैदान में उतरने का आह्वान करते हुए कहा कि कांग्रेस पूरी मजबूती से चुनाव लड़ेगी।

कांग्रेस की बैठक, चुनावों को लेकर रणनीति पर विचार

जिताऊ और टिकाऊ उम्मीदवारों पर जोर

विजेन्द्र सिंह लमोरिया

चिड़ावा (नवयत्न)। आगामी निकाय और पंचायती राज चुनावों की तैयारियों को लेकर रविवार को चिड़ावा के जामा मस्जिद के पास स्थित कांग्रेस कार्यालय में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह बैठक पिलानी और चिड़ावा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की ओर से बुलाई गई थी, जिसमें पार्टी संगठन को मजबूत करने और चुनावी रणनीति पर गहन मंथन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रभारी राजेंद्र बोरा ने की। इस दौरान पिलानी विधायक पितराम काला, पिलानी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विनोद काजला, चिड़ावा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष संजय सैनी, पूर्व पालिकाध्यक्ष सुमित्रा सैनी, पूर्व प्रधान शेर सिंह नेहरा, समाजसेवी शीशराम हलवाई, पूर्व प्रधान निहाल सिंह रणवा, शीशराम सैनी बिल्लू, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष विनीता रणवा, जिला महामंत्री नफीस मंड्रेलिया सहित कई प्रमुख नेताओं ने अपने विचार रखे। वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि आगामी चुनावों में पार्टी केवल जिता और टिकाऊ प्रत्याशियों को ही मैदान में उतारेगी। नेताओं ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि टिकट वितरण के बाद यदि किसी को पार्टी का टिकट नहीं भी मिलता है, तो भी वे व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं को दरकिनार कर पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी की जीत के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करें। बैठक में इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि निचले स्तर पर संगठन को मजबूत करने के लिए जमीनी कार्यकर्ताओं को पूरा मान-सम्मान और तवज्जो दी जानी चाहिए। संचालन निखिल चौधरी ने किया। बैठक में पिलानी

और चिड़ावा क्षेत्र के कई कांग्रेसी नेता मौजूद रहे, जिनमें जिला मंत्री प्रकाश गुर्जर, सुभाष भांबू, पूर्व उपप्रधान उमराव सिंह, पूर्व पालिका उपाध्यक्ष महेश हिम्मतरामका, अनिल कटेवा, लोकेश कटारिया, पिलानी के पूर्व पालिकाध्यक्ष हीरालाल नायक, बाबूलाल सोलंकी, कैप्टन शंकरलाल महरानिया और शिवलाल सैनी प्रमुख रूप से शामिल रहे। सभी नेताओं ने मिलकर आगामी चुनावों में कांग्रेस पार्टी का परचम लहराने का संकल्प लिया।

माहेश्वरी महिला मंडल ने किया रूद्राभिषेक

निसं

सुजानगढ़ (नवयत्न)। स्थानीय माहेश्वरी महिला मंडल के तत्वावधान में सावन माह के पावन अवसर पर स्टेशन रोड स्थित शिव मंदिर में गौरी-शंकर आराधना एवं रुद्राभिषेक श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ संपन्न हुआ। मंडल अध्यक्ष प्रमिला राठी ने बताया कि वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान शिव का विधि-विधानपूर्वक रुद्राभिषेक एवं पूजन कराया गया। कार्यक्रम की व्यवस्थाएं सहमंत्री सरिता सारड़ा, कोषाध्यक्ष सुधा मालाणी ने संभाली। इस अवसर पर मधु सोमानी, शशि लड़ा, मंजू मूंधड़ा, साधना जाजू, चित्रा सारड़ा, रंजना चितलांगिया, संतोष चांडक, सुमन बजाज, रेखा लड़ा, सुनीता तापड़िया, सरिता लड़ा, रमा लड़ा, बबीता मालपानी, भूमि मंत्री सहित बड़ी संख्या में महिला सदस्य उपस्थित रहीं व सभी के सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। अंत में भगवान शिव की आरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया।

रेलवे स्टेशन के सामने ट्रैफिक जाम होने से लोग परेशान

निसं

सुजानगढ़ (नवयत्न)। स्थानीय रेलवे स्टेशन के सामने कुछ बसों द्वारा सवारी के लालच में रूकने के कारण दोपहर में बार-बार ट्रैफिक जाम होता है। जब बस रेलवे स्टेशन के सामने रूकती है तो ऑटो भी रेल में आई सवारियों के चक्कर में उसी और दौड़ते हैं जिसके कारण रेलवे स्टेशन के सामने सड़क जाम लगना आम बात हो गई है। कई बार तो आधे घंटे तक ट्रैफिक सामान्य नहीं हो पाता, जिससे वाहन चालकों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। रविवार को दोपहर में इसी प्रकार की स्थिति नजर आई। वाहन चालकों व आम लोगों ने इस समस्या का समाधान करने तथा सवारी वाहनों को यहां पर खड़े होकर सवारियों का इंतजार नहीं करने के लिए पाबंद किए जाने की मांग की है।

रुणेचा पैदल यात्री संघ के अध्यक्ष बने बलिहारा

निसं

बीदासर (नवयत्न)। कस्बे के गणगौरी चौक स्थित बाबा रामदेवजी के मुख्य मंदिर में रविवार को रुणेचा पैदल यात्री संघ की बैठक संरक्षक जेठाराम यादव के सानिध्य में आयोजित हुई। बैठक में आगामी पदयात्रा की तैयारियों एवं संगठन को मजबूत बनाने सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से राजकुमार बलिहारा को रुणेचा पैदल यात्री संघ का अध्यक्ष चुना गया। इस अवसर पर निर्णय लिया गया कि संघ की नई कार्यकारिणी का विस्तार आगामी बैठक में किया जाएगा। बैठक में संरक्षक नरेश सारस्वत, भंवरनाथ, दीपाराम, बुधाराम, महेंद्र माली, डालमचंद, हुकमीचंद, शंकरलाल, नंदलाल, नानूराम, टीटी, मुकेश सोनी, शिवलाल, कन्हैयालाल, विकास रांका, कमल सोनी, ओम गढ़वाल, गोपाल भादू, जितेंद्र सोनी सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

संस्कार केंद्र के विद्यार्थियों को गणवेश वितरित

निसं

सुजानगढ़ (नवयत्न)। स्थानीय श्री रामगोपाल गाडोदिया प्राथमिक आदर्श विद्या मंदिर द्वारा संचालित बाबा रामदेव सरस्वती संस्कार केंद्र के भैया-बहनों को विद्यालय परिसर में श्री श्याम सखी मण्डल के सहयोग से गणवेश एवं खेल सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ। इसके पश्चात संस्कार केंद्र के भैया-बहनों ने भावपूर्ण सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य विशाल जैन ने आयोजकीय पृष्ठभूमि को रेखांकित किया। कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष भानीराम प्रजापत, जिला सह सचिव मनीष बेदी, कांता शर्मा, वीणा भोजक, मुकेश, अंकित आदि मौजूद रहे। इस अवसर पर स्वाति ने भजन करते हो तुम कन्हैया, मेरा नाम हो रहा है की भावपूर्ण प्रस्तुति देकर उपस्थित सभी को यह संदेश दिया कि हम सभी केवल निमित्त हैं, वास्तविक कार्य बाबा श्याम की कृपा से ही संपन्न होते हैं।

कार और बाइक की टक्कर में सिपाही घायल

निसं

सुजानगढ़ (नवयत्न)। शनिवार रात्रि को सुजानगढ़-छापर रोड पर महिंद्रा ट्रैक्टर एजेंसी के सामने कार और मोटरसाइकिल की जबरदस्त भिड़ंत में मोटरसाइकिल सवार सिपाही रामनिवास निवासी कुसुमदेसर घायल हो गया, जिसे निजी गाड़ी से रमजान, टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार और अन्य राहगीरों ने सुजानगढ़ अस्पताल की इमरजेंसी मे भर्ती कराकर इलाज शुरू कराया। डॉ महिपाल सिंह, ममता स्वामी आदि ने इलाज किया। वहीं सूचना मिलते ही कोतवाली थाना के एसआई रामस्वरूप बिश्नोई मौके और अस्पताल पहुंचे तथा घटना की जानकारी ली। स्थिति गंभीर होने की वजह से सिपाही को हायर सेंटर रैफर कर दिया गया।

युवा शक्ति सेवा, संस्कार और संगठन का बने सशक्त माध्यम : मंजूयशा

निसं

बीदासर (नवयत्न)। कस्बे के थान स्थान में युगप्रधान आचार्यश्री महाश्रमण की सुशिष्या साध्वीश्री मंजूयशा के पावन सान्निध्य में बीदासर तेरापंथ युवक परिषद के नव निर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह एवं बच्चों की मंत्र दीक्षा कार्यक्रम श्रद्धा एवं उत्साह के साथ आयोजित किया गया। समारोह में तेयुप के नवनिर्वाचित अध्यक्ष चिराग बैंगानी सहित पूरी नवीन कार्यकारिणी ने अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद द्वारा निर्धारित नियमों एवं दायित्वों का निष्ठापूर्वक पालन करने की शपथ ली। शपथ अभातेयुप कार्यकारिणी सदस्य पारस बैद एवं तेयुप संरक्षक नवदीप बैंगानी ने दिलाई। कार्यक्रम का शुभारंभ साध्वीश्री मंजूयशा के सान्निध्य में नमस्कार महामंत्र के सामूहिक उच्चारण से हुआ। इसके बाद तेयुप सदस्यों ने विजयगीत का मधुर संगान प्रस्तुत किया। अपने प्रेरक उद्बोधन में साध्वीश्री मंजूयशा ने कहा कि जीवन की तीन अवस्थाओं बाल्यावस्था, युवावस्था और वृद्धावस्था में युवावस्था सबसे अधिक ऊर्जावान एवं सृजनशील होती है। इसी अवस्था में व्यक्ति समाज और राष्ट्र के लिए नए सृजन का कार्य कर सकता है। उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि भौतिक प्रगति के साथ आध्यात्मिक संस्कारों को भी जीवन में स्थान देना आवश्यक है। बीड़ी, सिगरेट, शराब, ड्रग्स सहित सभी प्रकार के व्यसनों से दूर रहकर सेवा, संस्कार और संगठन के कार्यों में अपनी ऊर्जा लगाने का संकल्प लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर तेयुप के पूर्व मंत्री रितिक बौथरा ने दो वर्षीय कार्यकाल में किए गए सेवा, संस्कार एवं संगठनात्मक कार्यों का विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। पूर्व अध्यक्ष एवं अभातेयुप कार्यकारिणी सदस्य पारस बैद ने अपने कार्यकाल में मिले सहयोग के लिए पूरी टीम का आभार व्यक्त करते हुए नवगठित कार्यकारिणी को शुभकामनाएं दी। नवनिर्वाचित अध्यक्ष चिराग बैंगानी ने कहा कि वे पूरी टीम के सहयोग से तेयुप के सेवा, संस्कार और संगठन के आयामों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे।

इस अवसर पर शासनश्री साध्वी रमावती, साध्वी नय श्रीजी एवं साध्वी चिन्मयप्रभा ने भी युवा शक्ति के महत्व पर प्रकाश डालते हुए नवगठित टीम को आध्यात्मिक मंगलकामनाएं दी। कार्यक्रम का कुशल संचालन रितिक बौथरा ने किया।

विद्यार्थी परिषद के सदस्यता अभियान को लेकर फोल्डर का विमोचन

ललित दाधीच

राजलदेसर (नवयत्न)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ओर से चलाए जा रहे सदस्यता अभियान को लेकर राजकीय महाविद्यालय राजलदेसर के सामने सदस्यता अभियान के फोल्डर का विमोचन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित कर संगठन के आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में वर्तमान में चल रहे सदस्यता अभियान को लेकर विशेष रूप से मंथन किया गया। कार्यकर्ताओं ने इस बार अधिक से अधिक विद्यार्थियों को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जोड़ने और सदस्यता अभियान को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। साथ ही महाविद्यालय के विद्यार्थियों तक संगठन की गतिविधियों और आगामी कार्यक्रमों की जानकारी पहुंचाने को लेकर भी चर्चा हुई। इस अवसर पर विद्यार्थी परिषद के नगर अध्यक्ष संदीप सैनी, विभाग संयोजक सुशील सैनी, नगर मंत्री राधिका सोनी, सुरेन्द्र सैनी, कुलदीप सैनी, जयप्रकाश प्रजापत, देवांशु सैनी, रामचन्द्र सैनी, कुलदीप भाटी, हरीश सुथार, करण सैनी, राहुल शेखावत, राहुल खटीक, किशन खटीक, राधिका सैनी, वंशिका पारीक, खुशबू तंवर, रौनक डीडवानीया, प्रियंका, आंशिक, कनिका सहित विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता एवं सदस्य मौजूद रहे। बैठक के दौरान आगामी दिनों में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा पर भी चर्चा की गई तथा सदस्यता अभियान को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को सक्रिय रूप से जुटने का आह्वान किया गया।

नशामुक्ति की शपथ देकर सुना पीएम मोदी का वक्तव्य

निसं

सुजानगढ़ (नवयत्न)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा दादी प्रकाशमणि की पावन स्मृति में 10 करोड़ नशा मुक्ति प्रतिज्ञा महाअभियान का आयोजन 20 अगस्त तक चलेगा। स्थानीय लुहारागाड़ा स्थित सेवा केंद्र पर राष्ट्रीय जाट महाससभा के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र किलक, डॉ नीलम जांगिड़, शर्मिला, गोपालपुरा प्रशासक सविता राठी, जांगिड़ समाज के अध्यक्ष ओमप्रकाश जांगिड़, कन्हैया लाल स्वामी व केंद्र संचालिका बीके सुप्रभा ने दीप प्रज्जवलन कर किया। भारत सरकार एवं विभिन्न संस्थाओं के सहयोग से यह महासंकल्प पूर्ण किया जाना है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने नशा मुक्त रहने एवं नशा मुक्त करने की शपथ ली। लायंस क्लब के एमजेएफ कमल तापड़िया ने इस महा संकल्प में लायंस क्लब सुजानगढ़ का पूर्ण सहयोग देने का अपना संकल्प सुप्रभा दीदी को बताया। लॉयन डॉ नीलम जांगिड़ ने उपस्थित सभी को विभिन्न तरह के नशीले पदार्थों, उनसे होने वाले नुकसान और उनसे किस तरह मुक्त हो सकते है, इस पर संक्षिप्त जानकारी दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वक्तव्य कार्यक्रम में लाईव सुना गया। पीएम मोदी ने राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे देश को 2047 तक पूर्ण विकसित बनाने का जो हमारा संकल्प है, उसमें देश में फैल रहा नशा बाधक है, युवा पीढ़ी को इससे बचना चाहिए। प्रधानमंत्री ने आह्वान किया नशे जो दूर करके जिन्दगी सुख जैन से जीएं,, यही हम सबका लक्ष्य होना चाहिए। आज लगभग 1 करोड़ युवाओं ने नशा मुक्त रहने का संकल्प लिया।

ब्रह्माकुमारी संस्थान की सुप्रभा दीदी ने लायंस क्लब सुजानगढ़ को इस मुहिम में शामिल होने पर धन्यवाद ज्ञापित किया एवं अन्य सामाजिक संगठनों, शिक्षण संस्थाओं को भी इस मुहिम से जुड़ने का आह्वान किया। इस अवसर पर विद्याधर पारीक, करणी सिंह शेखावत, सीएम अभिषेक पोद्दार, रामाकिशन जांगिड़, बजरंग लाल जांगिड़, सीताराम शर्मा, राजकुमार प्रजापत, लक्ष्मी नारायण सोनी, गिरधारीलाल बुगालिया आदि मौजूद रहे। मंच संचालन डॉक्टर घनश्याम कच्छावा ने किया।

बाबा बर्फानी अमरनाथ का भव्य श्रृंगार आज

निसं

श्रीमाधोपुर (नवयत्न)। महाकाल भक्त मंडल श्रीमाधोपुर के रोहित पटवा ने बताया कि पीपलेश्वर महादेव के मंदिर पटवों का मोहल्ला श्रीमाधोपुर में सावन मास के पहले सोमवार को महाकाल भक्त मंडल के नितेश गर्ग द्वारा 149 वां श्रृंगार बाबा बर्फानी अमरनाथ का किया जाएगा।

बताया गया है कि नितेश गर्ग काफी समय से शहर के धार्मिक आयोजनों में भगवान की भव्य झाकियां नि:स्वार्थ भाव से सजाते है। कार्यक्रम आयोजकों ने क्षेत्रवासीयो से अनुरोध किया है कि सोमवार को शाम 7 बजे पीपलेश्वर महादेव मंदिर में बाबा बर्फानी के दर्शन करने अपने ईष्ट मित्रों सहित अधिक से अधिक संख्या में पधार कर पुण्य लाभ प्राप्त करें।

ज्ञात रहे सावन के चारों सोमवार अलग से झांकी सजाई जाएगी। मंडल के रोहित पटवा ने सभी क्षेत्र वासियों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचने और दर्शन करने का आग्रह किया है।

एमजेडी महाविद्यालय में एनसीसी भर्ती आज

निसं

तारानगर (नवयत्न)। माँ जालपा देवी राजकीय महाविद्यालय, तारानगर में 3 अगस्त को सुबह 8 बजे एनसीसी कैडेट्स की भर्ती होगी। एनसीसी प्रभारी राजेन्द्र प्रसाद कस्वा ने बताया कि एनसीसी कैडेट्स की भर्ती प्रक्रिया में स्नातक प्रथम सेमेस्टर के समस्त नियमित विद्यार्थी भाग ले सकेंगे। कुल रिक्त सीटों में से 40 प्रतिशत सीटें छात्राओं के लिए आरक्षित हैं। भर्ती प्रकिया के 1600 मीटर दौड़, शारीरिक दक्षता, लिखित परीक्षा, साक्षात्कार प्रक्रिया शामिल होगी व इसी के अनुसार ही भर्ती होगी। इच्छुक विद्यार्थी जो शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ हो उनको भरे हुए आवेदन पत्र व आवश्यक दस्तावेज के साथ महाविद्यालय खेल मैदान में 3 अगस्त को सुबह 8 बजे पहुंच कर अपना टोकन लेना होगा। विद्यार्थी आवेदन पत्र महाविद्यालय की वेबसाईट से प्राप्त कर सकते हैं।

ज्वेलरी कारखाने में सेंध लगाने वाले गिरोह का भंडाफोड़

प्रेमिका समेत तीन आरोपी गिरफ्तार

निसं

जयपुर (नवयत्न)। खोरा बीसल थाना पुलिस ने बिल्यूवास गांव स्थित ज्वैलरी कारखाने में हुई लाखों रुपये की चोरी का खुलासा करते हुए मुख्य आरोपी, उसकी प्रेमिका और मुंहबोले साले सहित तीन जनों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 11 किलो चांदी के आभूषण, चांदी के बर्तन, चांदी की सिल्ली के टुकड़े, आभूषण निर्माण सामग्री तथा चोरी का अन्य सामान बरामद किया है। मामले में आरोपियों से पूछताछ जारी है। डीसीपी जयपुर पश्चिम प्रशांत किरण ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में राजू गवारिया उर्फ राजकुमार उर्फ राजा, उसका मुंहबोला साला लोकेश गवारिया तथा महिला मित्र इंद्रा वर्मा शामिल हैं। तीनों के खिलाफ चोरी और नकबजनी के कई मामले पहले से दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार 27 जुलाई को बिल्यूवास निवासी लालचंद स्वामी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 25 जुलाई को गांव जाने के दौरान उनके मकान के पीछे स्थित ज्वैलरी कारखाने के ताले तोड़कर चोर करीब 11 किलो चांदी के आभूषण व बर्तन तथा 30 ग्राम सोने के आभूषण चोरी कर ले गए। वारदात के बाद पुलिस ने घटनास्थल और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले तथा संदिग्धों की पहचान कर निगरानी शुरू की। जांच के दौरान जहाजपुर, भीलवाड़ा निवासी राजू गवारिया और लोकेश गवारिया को संदिग्ध अवस्था में हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें उन्होंने महिला साथी के साथ चोरी करना स्वीकार किया। इसके बाद किशनबाग स्थित महिला के घर से चोरी का माल बरामद किया गया। पुलिस जांच में सामने आया कि लोकेश पहले सूने मकानों और कारखानों की रेकी करता था। वारदात के बाद दोनों आरोपी पार्क या फुटपाथ पर पहुंचकर नशे में होने का नाटक करते जबकि महिला साथी चोरी का माल अपने साथ ले जाती थी। बाद में माल को ठिकाने लगाने की तैयारी की जाती थी। पुलिस ने आरोपियों द्वारा पिघलाई जा रही कुछ चांदी भी जब्त की है। पुलिस के अनुसार मुख्य आरोपी लोकेश गवारिया के खिलाफ जयपुर के हरमाड़ा, मुहाना, सांगानेर, मानसरोवर, शिप्रापथ, गलता गेट तथा टोंक जिले के देवली थाने सहित विभिन्न स्थानों पर चोरी और नकबजनी के 15 से अधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर अन्य वारदातों का भी खुलासा करने का प्रयास कर रही है। इस कार्रवाई में खोरा बीसल थानाधिकारी सुरेंद्र सिंह के नेतृत्व में एएसआई रणसिंह, कांस्टेबल शीशराम, रामसिंह, राकेश कुमार, गुरुदयाल, मीना तथा तकनीकी शाखा के राजमहेंद्र, मुकुट बिहारी और सुरेश की विशेष भूमिका रही।

जिला कांग्रेस कार्यकारिणी में पांडे बने जिला सचिव

निसं

खेतड़ी नगर (नवयत्न)। खेतड़ी नगर निवासी वरिष्ठ कांग्रेस नेता रमेश पांडे को झुंझुनू जिला कांग्रेस कार्यकारिणी में जिला सचिव नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के निर्देशन में जिला कांग्रेस अध्यक्ष रीटा चौधरी द्वारा की गई है।

नियुक्ति की सूचना मिलते ही खेतड़ी क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई तथा मिठाई बांटकर एक-दूसरे को शुभकामनाएं दी गईं। रमेश पांडे लंबे समय से कांग्रेस संगठन में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। वे पूर्व में राजस्थान राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के महासचिव तथा यूथ कांग्रेस के प्रदेश सचिव जैसे महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन कर चुके हैं। संगठनात्मक अनुभव, जनसंपर्क और सामाजिक सक्रियता के कारण उन्हें पार्टी का समर्पित एवं कर्मठ कार्यकर्ता माना जाता है। खेतड़ी विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी रही मनीषा गुर्जर ने रमेश पांडे की नियुक्ति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा समर्पित और जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं को सम्मान और जिम्मेदारी देती है। उन्होंने कहा कि रमेश पांडे के संगठनात्मक अनुभव, सक्रिय कार्यशैली और जनसेवा के प्रति समर्पण से कांग्रेस संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी। हम सभी कार्यकर्ता मिलकर पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने, संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने तथा जनता के मुद्दों को मजबूती से उठाने का कार्य करेंगे। कांग्रेस आमजन के विश्वास और विकास की राजनीति के साथ निरंतर आगे बढ़ रही है। पूर्व विधायक दाताराम गुर्जर ने भी कहा कि रमेश पांडे की नियुक्ति से जिले में कांग्रेस संगठन को मजबूती मिलेगी और कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ेगा। रमेश पांडे ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करेंगे। उन्होंने विश्वास दिलाया कि संगठन को मजबूत बनाने, कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलने और जनता की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर कार्य करेंगे। इस अवसर पर खेतड़ी विधानसभा कांग्रेस प्रत्याशी मनीषा गुर्जर, पूर्व विधायक दाताराम गुर्जर, हसरत हुसैन, विक्रम गुर्जर, अजय केडिया, मुकेश अग्रवाल, हजारी सूबेदार, विमल शर्मा, सुंदर मानोता, श्रवण सेन, आलोक जेदिया, अरविंद श्योराण सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रवासियों ने रमेश पांडे को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर (राज.) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190